غصّہ تو تب آنا چاہیئے جب ہمارے اینٹی پروگرام کے اُوپر پرتی بندھ لگتا ہے۔ تب غصّہ نہیں کرتے ہو۔ غصّہ کرتے ہو کسی نہتے پر غصّہ کرتے ہو غریب لوگوں پر۔ جس بات کیلئے کوشش کرنی چاہیئے اس بات کیلئے کوشش نہیں کر رہے ہو۔ ہرے سمندر کے آگے کچھ دور پر ایسے جہاز کھڑے ہوئے ہیں جہاں سے اگر بم ڈالا جائے تو آسام کے آئل کے بھنڈار ختم ہو جائیں۔ تمہیں چنتا اس بات کے لئے ہونی چاہیئے۔ بچاؤ اس کام کے لئے ہونا چاہیئے۔ آپ کو دیش کو ایک بنانے کا کام کرنا چاہیئے۔ آج سمسیا بھوک کی ہے۔ سمسیا آج سوشل کو ہیرن کی ہے۔ سمسیا اپنی کھوئی ہوئی تہذیب کو واپس لانے کی ہے۔ سمسیا اپنے گہرے زخم کے اندر برف لگانے کی ہے اس لئے اے لوگو جو ہو چکا ہے اس کو بھول جائیں اور مل جل کر ہندوستان کو بناؤ۔ اس ہندوستان کو بناؤ جس کو سونے کی چڑیا کہا جاتا تھا۔ اس ہندوستان کو بناؤ جسے سارے جہاں سے اچھا ہندوستان ہمارا کہا جاتا ہے۔ مجھے یہیں میں بہت ساری باتیں کہنا چاہتا تھا۔ آپ جانتے ہیں کہ میں تقریر کا شوقین نہیں ہوں۔ شاید ایک سال کے بعد میں بولنے کے لئے کھڑا ہوا ہوں۔ میں اس لئے بولنے کے لئے کھڑا ہوا ہوں کیونکہ بی۔ جے۔ پی والے بن جائیں گے۔ مسلمانوں کے ٹھیکیدار شہاب الدین اور بخاری جیسے لوگ بن جائیں گے۔ اس لئے سیاست کے اس نظریہ کی وجہ سے روس ٹوٹا۔ اس نظریہ کی وجہ سے پوربی یوروپ کے بہت سارے کمیونسٹ کنٹری ٹوٹ گئے۔ یوگوسلاویہ ٹوٹ گیا۔ اس لئے سرو دھرم سمبھاؤ کے آدھار پر ریلیجن کی پری بھاشا نئے سرے سے کرنی ہوگی اور تب ہندوستان بنانا ہوگا۔ ارے آپ کو غصّہ آنا چاہیئے اس بات پر کہ ہندوستان اکیلا ملک ہے جو روس کے ٹوٹ جانے کے بعد اس ریجن میں سُپر پاور ملک بننے والا ہے۔ آپ کو اس پر گورو ہونا چاہیئے کہ تین لڑائیاں ہم نے لڑیں۔ آپ کا سر فخر سے اونچا اٹھنا چاہیئے۔ زمین پر ہم نے کارخانے اور ٹینک بنائے۔ آپ کو اس بات پر فخر ہونا چاہیئے کہ سمندر کی گہرائیوں میں ہماری چھڑیاں غوطہ لگا رہی ہیں۔ آپکا سر اس سے بلند ہونا چاہیئے کہ سُپر پاور کی مونوپلی اس دیش سے ختم ہو گئی ہے۔ اگر دس سال اس دیش میں سوتیلی گورنمنٹ رہ جائے۔ میٹو ڈسٹری بیوشن سسٹم رہ جائے تو اکیلے ہم اس ریجن میں سُپر پاور بن سکتے ہیں۔ کچھ ودیشی طاقتیں ہمیں اسٹیبلائز کرنے میں لگی ہوئی ہیں۔ ہمارے اسٹیبلس لیڈرشپ کو اوور تھرو کرنا چاہتی ہے۔ اس لئے آپ کو



मौलाना ओबेदुल्ला खान आजमी : (उत्तर प्रदेश) : मोहतरम, सदरे आली-बकार, इस वक्त खुतबए सदारत पर हुकमरां पार्टी की तरफ से और अपोजीशन पार्टीज की तरफ से बहस का सिलसिला जारी है। जम्हूरी ढांचे में सदरे जम्हूरीया का खुतबा सरकारी पालिसियों की निशानदेही करता है। अभी हमारे दोस्त जनाब होशमी साहब कांग्रेस की सारी बुराइयों को छुपाने के लिए दूसरी पार्टियों पर जिस तरह के इल्जामात लगा रहे थे उसमें उन्होंने एक बात अच्छी कही है कि सियासत में सबसे बड़ा गुनाह सच्चाई को छुपाना है। मैं उनकी इस बात के साथ इस खुतबे सदारत पर गुफ्तगू करने जा रहा हूं और मैं सियासी गुनाह न करते हुए सच्चाई हाउस के सामने और मुल्क के के सामने उजागर करना चाहता हूं।

सदरे मोहतरम, इन्हें काली घटाओं को नहीं पहचानना आता, नशेमन से धुआं उठता है तो यह कहते हैं सावन है। खुतबे-आली खुतबए सदारत में यह कहा है, पैरा ग्राफ नंबर 2 में कि :

> "हमारा पहले काम लोगों में बाहमी यकीन और हमआहंगसी को फिर से कायम करना है जिसे पिछले साल 6 दिसम्बर और उसके फौरन बाद अफ-सोसनाक वारदातों से गहरा धक्का लगा है। और जम्हूरियत और सेकु-लरिज्म की कद्रों को जबर्दस्त खतरा पैदा हो गया है। हमें फिरकापरस्ती के प्रचार का मिलकर मुकाबला और उसकी मुज्जमत करनी चाहिए ताकि हम अपने सेकुलर किरदार को बचाने बचाने की कोशिश कर सकें।"

मैं इस सिलसिले में यह कहना चाहूंगा और जैसे मैंने कहा कि सदरे जम्हूरी का खुतबा सरकारी पालिसी की निशानदेही करता है। प्रेसीडेंट ऐड्रेस का यह टाइटल कवर आप देख लीजिए। प्रेसीडेंशियल एड्रेस का टाइटल कवर यह बता रहा है कि शायद इस कांग्रेसी सरकार ने अपने खात्मे का खुद ऐलान कर दिया है। इसलिए यह पीला रंग बहार के बजाए खिजां की अलामत है। इस खुतबे में 6 दिसम्बर, 1992 के दुखभरे वाक्ये का जिक्र किया गया है। मगर इस ऐड्रेस में सरकार के उस वायदे का कोई जिक्र नहीं किया गया है जिसका 6 दिसम्बर को बाबरी मस्जिद के टूटने के बाद हमारे मुल्क के प्राइम मिनिस्टर पी० वी० नरसिंह राव जी ने दूरदर्शन से ऐलान किया था कि मस्जिद उसी जगह पर बनायी जायेगी जहां पर यह मस्जिद कुछ अपराधियों ने तोड़ी है। नरसिंह राव जी का यह वादा सिर्फ हिन्दु-स्तान के लोगों से नहीं बल्कि पूरी दुनियाए इन्सानियत से था कि हम मस्जिद वहीं बनायेंगे मगर उनका अमल बता रहा है कि उन्होंने

इस वाक्ये से न कोई सबक हासिल किया है और न इस सरकार के दिल में इन्साफ की कोई तड़प और भावना पैदा हुई है। इन्साफ का तकाजा तो यही है कि वे अपनी गलती को दूर कर देते। सरकारी काम-काज और रंग-ढंग पुकार-पुकार कर कह रहा है कि मरकजी सरकार सड़क पर पड़े हुए सूखे पत्तों की तरह हवा के रुख पर अपना रुख बदलती जा रही है। सरकारी और गैरसरकारी दहशतगर्दी के खिलाफ कमजोर मजलूम तबकों की आखिरी पनाहगार हमेशा से अदालतें रही हैं लेकिन कांग्रेसी सरकार और बी० जे० पी० दोनों की मिलीभगत से अदालत के हुक्म को रौंद कर अदलो इन्साफ का खून बहा कर बाबरी मस्जिद के ऊपर अयोध्या में मरकजी सरकार की फोर्सेज की मौजूदगी में 22 दीगर मस्जिदों और 240 मकानों को बर-बाद कर दिया जाए और मस्जिद के मलबे पर पूजा स्थल बना दिया जाए फिर अदालत से अहकामात भी ले लिए जाएं कि मूर्तियों पर सामा किया जाए और दर्शन करने वालों को सहूलियतें भी हो जाएं तो अब मुसलमान किस अदालत में फरियाद करें, प्रेसीडेंट के एड्रेस में इस तरह की कोई निशान देही नहीं की गई है। मजलूमों की बरबादी पर मगरमच्छी आंसू बहाने से किसी मसले का हल नहीं निकलेगा और न मजलूमों को इन्साफ मिलेगा। हमारे सदरे जम्हूरिया के खुतबे में फिरकापरस्ती से लड़ने के लिए पूरे मुल्क को आवाज दी गई है। मैं कहना चाहूंगा कि क्या फिरकापरस्ती 6 दिसम्बर को यकायक बाबरी मस्जिद से टपक पड़ी। सच्चाई उजागर करना सियासत में एक बड़ा अच्छा काम है जैसे कि हमारे हाशमी साहब ने कहा और मैं भी कहना चाहूंगा कि फिरका-परस्ती ने कांग्रेसी हकूमत की कोख से जन्म लिया। बी० जे० पी० के लोगों के ऊपर आज जो प्रहार हुआ, बी० जे० पी० के लोग जो कुछ भी कर रहे हैं वह सफाई के साथ पूरी दुनियां को बतलाकर है कर रहे हैं, मस्जिद को तोड़ने के लिए उन्होंने जो कुछ भी करना था, उन्होंने सफाई के साथ बोला था। इस मुल्क में राम राज्य के लिए जो भी प्रोग्राम बनाया उन्होंने बड़ी सफाई से बनाया, किसी को भी धोखे में नहीं रखा। मगर राम राज्य लाने का वायदा कांग्रेस ने नहीं किया था। कांग्रेस ने सेकुलरिज्म को इस मुल्क में जिन्दा और ताबिदा रखने का वादा किया था। मैं पूछना चाहता हूं भारत सरकार से कि सेकुलरिज्म की परिभाषा क्या है? क्या सेकुलरिज्म एंटी हिन्दू का नाम है या एंटी मुस्लिम का नाम है? सेकुलरिज्म न प्रो-मुस्लिम है और न प्रो-हिन्दू का नाम है। इस मुल्क में जब बी० जे० पी० के लोग कहते हैं कि हिन्दू राष्ट्र बनायेंगे तो उस तरफ से भी आवाज आती है कि हम हिन्दू राष्ट्र नहीं बनने देंगे। यह सेकुलर स्टेट है और सेकुलर स्टेट रहेगा। आज मैं यह पूछना चाहता हूं कि सेकुलर स्टेट की परिभाषा क्या है? जहां तक मैंने सेकुलरिज्म का अध्ययन किया है हिन्दुस्तान में सेकुलर स्टेट की किसी सम्पत्ति पर किसी भी धर्म, कर्म का चिह्न अगर लग जाए तो सेकुलरिज्म की तबाही की अलामत है। मैं पूछना चाहता हूं हिन्दुस्तान के जितने पुलिस स्टेशन हैं यह सेकुलर स्टेट के पुलिस स्टेशन हैं या हिन्दू राष्ट्र के पुलिस स्टेशन हैं? हिन्दुस्तान की जितनी अदालतें हैं यह सेकुलर स्टेट की अदालतें हैं या हिन्दू राष्ट्र की अदालतें हैं? मैं यह नहीं जानना चाहता कि हिन्दु-स्तान के कितने पुलिस स्टेशनों में मन्दिर बने हैं। मैं यह पूछना चाहता हूं कि सेकुलर स्टेट के पुलिस स्टेशनों में कितने पुलिस स्टेशन बाकी रह गये हैं जिनमें मन्दिर नहीं बने हैं? बी० जे० पी० की हकूमत सन् 1947 से लेकर आज के दिन तक सेंटर में कभी नहीं रही। यह किस की हकूमत में सेंट्रल गवर्नमेंट किस की रही, किस की हकूमत में मन्दिर थानों में बनते रहे किस की हकूमत से तहसीलों में मन्दिर बनते रहे, पी० डब्ल्यू० डी० की जमीन

(मौलाना मोर्कबुल्लाखान आजमी)

पर किस की हकूमत में मन्दिर बनते रहे ? थानों के मन्दिरों में जो पुजारी है क्या यह काशी से लाए गए या मथुरा से लाए गए ? यह पुलिस की वर्दी पहनने वाले जो हैं वही पुजारी का काम भी कर रहे हैं । मैं पूछना चाहता हूं कि हिन्दू राष्ट्र बनाने का काम इस देश में कांग्रेस ने किया या बी० जे० पी० ने किया ? किसी भी धर्मस्थल को आप देखें, किसी भी जमीन पर निर्माण को आप देखें, गवर्नमेंट की कोई भी बिल्डिंग बनती है जब तक मंत्री महोदय सात नारीयल फोड़ कर और 17 बार हर हर महादेव का नारा न लगा ल तब तक कंस्ट्रक्शन शुरू नहीं होती है । **(व्यवधान)** जितनी भी बिल्डिंगें हैं, मैं पूछना चाहता हूं पुलों के बारे में भी मेरे पास रिकार्ड है **(व्यवधान)**

जल भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : गलत बोल रहे हैं **(व्यवधान)**

मौलाना ओबेदुल्ला खान आजमी : पुलों के बारे में भी हमारे मिनिस्टर पुलों का उद्घाटन बगैर पूजा-पाठ के नहीं करते हैं । यह किस फिरकापरस्ती की बात आप कर रहे हैं ? अयोध्या की धरती पर फिरकापरस्ती की बात कांग्रेस पार्टी कर रही है, मैं पूछना चाहता हूं कि दर्शन से लेकर अयोध्या की धरती पर शिलान्यास करवाने तक और अयोध्या की धरती पर बाबरी मस्जिद का ताला खुलवाने तक, अयोध्या की धरती पर बाबरी मस्जिद की तबाही और बरबादी के बाद ····· 48 घंटे तक सदर राज में नया आरजी मन्दिर बनवाने में बी० जे० पी० खड़ी रही है या कांग्रेस खड़ी रही है ? मैं तो आपके सामने ये सारी बातें उस बुनियाद पर लाना चाहता हूं जिस बुनियाद पर हाशमी साहब ने फरमाया है कि सच्चाई को छिपाना सियासत में सबसे बड़ा गुनाह है । तो अब मैं सच्चाई आपके सामने रख रहा हूं । जिस अरूण नेहरु का रोना रोया जा रहा था मुझे बताइये कि वह अरूण नेहरू कांग्रेस के मंत्री थे या जनता पार्टी के मंत्री थे जिस वक्त बाबरी मस्जिद का ताला खुलवाया गया । मैं आपसे यह कहना चाहूंगा कि इस जम्हूरी निजाम में किस तरह से जम्हूरियत का कत्लो गारदगरी किया गया है, मैं उसको आपके सामने रखना चाहता हूं कि 6 दिसम्बर को ···· आपकी मैंने सब सुन ली है अब आप मेरी भी सुनिए । आपको दर्द नहीं होना चाहिए ।

श्री जगदीश टाइटलर : मैं तो कुछ कह ही नहीं रहा हूं । मैं तो अरूण नेहरू के बारे में बोल रहा हूं कि हमारे यहां स्टेट मंत्री थे, आपके यहां कैबिनेट मंत्री थे ।

मौलाना औबेदुल्ला खान आजमी : हां ठीक है, रहे होंगे । इससे क्या होता है ··· **(व्यवधान)**

श्री संघ प्रिय गौतम : (उत्तर प्रदेश) : यह कोई दलील नहीं है कि आपके यहां चोर थे और महां डकैत थे ···· **(व्यवधान)**

मौलाना ओबेदुल्ला खान आजमी : और सदरे मोहतरम, मैं कहना चाहता हूं कि इस सदारत के खुतबे में 6 दिसम्बर के वाक्ये का जिक्र तो किया गया है लेकिन यह नहीं बताया गया है कि कल्याण सिंह सरकार ने 6 दिसम्बर को पोने बारह बजे कानून की हुकमरानी पर जो हमला शुरू किया था, साढ़े तीन बजे इस्तीफा देकर इस अमल की तकमील कल्याण सिंह ने नरसिम्हा राव सरकार के जरिए करवायी और इसमें इस बात का भी तजकेरा नहीं किया गया है कि कल्याण सिंह सरकार ने दस्तूर, कानून, अदालत पर सिर्फ चार-पांच घंटे तक ही यलगार किया लेकिन इस सेंट्रल सरकार ने इसके बाद तकरीबन 40 घंटे तक इस अमल को उस वक्त तक जारी रखा जब तक कि मस्जिद का मलबा हटाकर उस जगह आरजी मन्दिर की तामीर नहीं हो गयी ।

"हर एक गाम पर रहजन से आशनाई ग्रे रहनुमा है, ये अंदाजे रहनुमाई है ।"

सदर मोहतरम, इतना ही नहीं बल्कि मरकजी हकूमत ही की अमलदारी में बाबरी मस्जिद के अलावा वहां 22 दूसरी मस्जिदों और मुसलमानों के 240 घरों को नेस्तनाबूद किया गया, 19 बेगुनाहों को शहीद किया गया। लेकिन यह मरकजी हकूमत ही थी जिसने 48 घंटों तक दस्तूर कानून और अदालत का मजाक उड़ाने वाले कातिलजनों और आतिशजनों को गिरफ्तार करने के बजाए उन्हें पूरे सरकारी एजाज के साथ खुसूसी ट्रेनों और खुसूसी बसों और विजय जलूसों के साथ उनके घर तक पहुंचाया। इतना ही नहीं बल्कि मुल्क के तूलों अर्ज में कांग्रेस और भाजपाई रियायतों में पुलिस, पुलिस की रहनुमाई और पुलिस की मदद के जरिए मुसलमानों का कत्लेआम किया गया। खुद दिल्ली की धरती पर वेलकम कालोनी में, बम्बई की सरजमीन पर और मुल्क के दूसरे हिस्सों में पुलिस ने मुसलसल मुसलमानों का जिस अंदाज में कत्लेआम किया है चंगेज और हलाकू, हिटलर की रूहें भी उससे शर्मा गई होंगी। लेकिन इस सरकार को जरा सा भी गैरत नहीं आती और आज पूरी ढिठाई और दीदा दिलेरी के साथ सेक्यूलरिज्म और जम्हूरियत की बात कहकर मजलूमों के जख्मों पर यह सरकार नमकपाशी कर रही है। यह सरकार खोखला नारा लगा रही है कि फिरकापरस्ती के खिलाफ सेक्यूलर ताकतों को एक जगह हो जाना चाहिए। कांग्रेस और मरकजी हुकूमत अपने आपको सेक्यूलर कहकर और सेक्यूलरिज्म की दुहाई देकर किसको बेवकूफ बनाना चाहती है ? मुझे अच्छी तरह से कांग्रेस की मीनिंग इस फिरकापरस्ती की तह में मालूम पड़ गई है। मैंने कहा कि --

> "लफ्ज बुराई के हैं बहुत, जैसे जुआ, शराब, फसादात और केस
>
> बाले के एक लफ्ज में इसको बयां करो, मैंने कहा कि सबसे मुनासिब है कांग्रेस"

सदरे मोहतरम, एक हंगामाए महशिर हो तो उसको भूलूं। सैकड़ों बातों का रह रह-कर ख्याल आता है। अगर मरकजी सरकार ने इन वाकेयात से कोई सबक लिया होता तो सेक्यूलरिज्म की मुजहकाखेज दुहाई देने और मगरमच्छ के आंसू बहाने के बजाए जुल्म और नाइन्साफी के खात्मे की कार्यवाही की गयी होती। अगर सरकार ने बाबरी मस्जिद को उसी जगह दोबारा बनाने का अपना वादा पूरा नहीं किया तो यह उसका सबूत होगा कि यह सरकार खुद तसलीम कर चुकी है कि मुल्क में कानून की हुक्मरानी का खात्मा हो चुका है। प्राइम मिनिस्टर ने 15 अगस्त को कौम के नाम एड्रेस करते हुए लाल किले की अजीम फसील से ऐलान किया था कि मस्जिद को किसी कीमत पर नहीं टूटने दिया जाएगा, उसकी हिफाजत की जाएगी और मस्जिद टूट जाने के बाद भी प्राइम मिनिस्टर ने दुनिया के सामने यह ऐलान किया था कि उसी जगह पर मस्जिद को बनाया जाएगा। मैं मुतालबा करता हूं 6 दिसम्बर को जिस हैसियत के साथ वहां मस्जिद खड़ी थी उसी हैसियत के साथ वहां पर मस्जिद खड़ी होनी चाहिए और जिस तरह से वहां की परम्परा जारी थी उसी तरह से वहां की परम्परा को जारी और सार करके—अदालत के दरवाजे खुले हुए हैं, अदालत बनिये की दुकान नहीं है, अदालत से क्लियर तौर पर फैसला होना चाहिए और उसी के साथ-साथ मैं अपना फर्ज समझता हूं कि इस हाउस के जरिए कांग्रेस और उसकी स्टेपनी भाजपा को साफ-साफ बता दूं कि आप जितनी भी जबर्दस्ती चाहे कर लें लेकिन मुल्क का मुसलमान उसी जगह मस्जिद की दुबारा तामीर के बगैर किसी बात को तसलीम नहीं कर सकता। ये जो दो-दो ट्रस्ट की बात की जा रही है, इस गवर्नमेंट पर कौन ट्रस्ट करेगा

4.00 P.M.

जिस सरकार ने सारे हिन्दुस्तान के ट्रस्ट के साथ विश्वासघात किया है, मैं एक बार आपसे मुखातिब होकर कह रहा हूं, पूरे हाऊस

[मौलाना मोफ़्तहुल्ला खान आजमी]

से मुखातिब होकर कह रहा हूं कि 26 जनवरी, 1950 को हमारे अजीम बुजुर्गों ने मुल्क में दस्तूर बनाने में जिस बड़े दिल का मज़ाहिरा किया था, अगर उसके लिए आपका दिल-दिमाग सिकुड़ गया है, तो आप अपने आपको तारीकियों में गुम कर देंगे ।

हम लाख सद्भावना-सद्भावना का नारा लगायें, मुल्क के सारे दानिशवरों को रेडियो पर सिर्फ सद्भावना का जाप करने के लिए बुलाएं, लेकिन सद्भावना का जन्म सिर्फ इन्साफ के पेट से होता है, जारहियत को तस-लीम करने से सद्भावना नहीं पैदा होती ।

मैं एक बात और कहना चाहूंगा, हमारे दोस्त हैं भाटिया साहब—उन्होंने अपनी तकरीर में रूलिंग पार्टी की तरफ से कहा था और मश्विरा दिया था मुसलमानों को राष्ट्रीय धारा से जोड़ने के लिए ... **(व्यवधान)**

उपाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : आप यह क्लियर कर दें कि मंत्री भाटिया साहब नहीं, मदन भाटिया साहब थे ।

मौलाना ओबेदुल्ला खान आजमी : नहीं, मदन भाटिया, वह एडवोकेट भाटिया साहिब, मदन भाटिया साहब—उन्होंने यह फरमाया था कि मुसलमानों को राष्ट्रीय धारा से जोड़ने की कोशिश करनी चाहिए ।

सदरे मोहतरम, मैं कहना चाहूंगा कि इस तरह के नारे इस मुल्क में मुसलसल कई तनजीमों की तरफ से अलापे जाते हैं । मैं पूछना चाहता हूं कि राष्ट्रीय धारा में मुसल-मानों को जोड़ने का मतलब क्या है ? मुसलमानों को राष्ट्रीय धारा में जोड़ने का मतलब अगर यह है कि महात्मा गांधी, राजीव गांधी का कत्ल किया जाए, हिन्दुस्तान के खुफिया राज चीन और पाकिस्तान के हाथों बेचे जाएं, ट्रेनों और बसों से बेकसूर हिन्दु-स्तानियों को उतार कर कत्ल किया जाए, सूरत में हिन्दुस्तानी औरतों को नंगा करके वीडियो फिल्म बनाई जाए, किसी एक फिरका के लोगों के मकान पर निशान लगा कर उनके मकान फूकें जाएं और इन्सानियत का खून बहाया जाए, पुलिस और पी० ए० सी० के नाम पर सरकारी वर्दी पहन कर डाकुओं और कानून के कातिलों का किरदार अदा किया जाए, मुल्क की आलातरीन कुर्सियों पर बैठ कर गैर-मुल्कों से दलाली और कमीशन खाई जाए, हिन्दुस्तान के बैंकों की, अवाम और मुल्क की दौलत को शेयर घोटाले के नाम पर लूटा और खसूटा जाए । अगर इन घटिया हरकतों का नाम राष्ट्रीय धारा है, तो मुसल-मान ऐसी किसी गन्दी धारा के साथ बहने के लिए तैयार नहीं हैं ।

अगर वतन फरोशी, कौम-फरोशी और जमीर-फरोशी का नाम राष्ट्रीय धारा है, तो ऐसी राष्ट्रीय धारा देश के गद्दारों को मुबारिक हो । हां, अगर कौमी धारा का मत-लब यह है कि सेक्यूलर स्टेट हिन्दुस्तान की अवामी और सरकारी जमीन और सड़कों पर धर्मस्थल बना दिया जाए, दस्तूरे हिन्द और कानून की धज्जियां उड़ा कर जज्बात व आस्था का पुरफरेब नारा देकर मुल्क के दिगर मज़ाहिब के हकूक को पामाल किया जाए, तो फिर सेक्युलरिज्म का कत्ल किसे कहते हैं ?

सच बात तो यह है कि राष्ट्रीय धारा ही मुसलमानों से कतरा कर बहता रहा है । **(समय की घंटी)** लाख कोशिशों के बावजूद मुसलमानों को इस धारा के साथ लेकर चलने के लिए कोई आमादा ही नहीं हुआ, अल-बत्ता जिन दो-एक फीसदी मुसलमानों को अपने तौर पर खिदमत का मौका मिला, तो

उन्होंने साइंस और टेक्नालोजी में डा० अब्दुल कलाम जैसे लोग पैदा किए और सुहिम जूई में डा० जहूर कासिम, जंगी मैदान में ब्रिगेडियर उसमान और हविलदार अब्दुल हमीद, खेल के मैदान में अजहरूद्दीन, मोहम्मद शाहिद और जफर इकबाल, इन सबों ने साबित कर दिया कि अगर तनासुबे आबादी के लिहाज से यह मौका मुसलमानों को मिला होता, तो यह मुल्क अखलाकी जवाल और भ्रष्टाचार और करप्शन का शिकार नहीं होता।

मुसलमानों ने हमेशा कौमी धारा से जुड़ने की कोशिश की, जबकि मुसलमानों को हमेशा कौमी धारा से दूर रखने की कोशिश की गई। किस चीज का नाम है कौमी धारा? अगर मुल्क के ऊपर कुर्बान होने का नाम राष्ट्रीय धारा है, अगर देश की तरक्की और उन्नति का नाम राष्ट्रीय धारा है, तो हिन्दुस्तान के मुसलमानों ने अब्दुल हमीद बन कर, अब्दुल कलाम बन कर, मौलाना मोहम्मद अली जोहर बन कर और अशफाक उल्ला खान बन कर यह साबित कर दिया है कि हिन्दुस्तान की राष्ट्रीय धारा को उन्नति और परवान चढ़ाने के लिए मुसलमान अपने खून-जिगर की कुर्बानी हर दौर में देकर साबित कर चुका है कि :

हिन्द को नाज है जिस पे,
वह निशानी हम हैं,
ताज और लाल किला के
यहां बानी हम हैं।

मगर क्या मुल्क के तरक्कीयाती धारा में मुसलमानों को कभी जोड़ा गया, क्या मुल्क के तरक्कीयाती राष्ट्रीय धारा के साथ मुसलमानों को कभी लगाया गया? कितने परसेंट मुसलमानों को नौकरी दी गई है, मुझे बताया जाए, कितने परसेंट मुसलमानों को पुलिस में रखा गया है, मुझे बताया जाए, कितने परसेंट मुसलमान कर्मचारी के रूप में रखे गए हैं, यह मुझे बताया जाए?

आज हिन्दुस्तान की सरजमीं पर हर कौम का सर्वे करके आप देख लीजिए, रिजर्वेशन की बातें चल रही हैं। शैडयूल्ड कास्टस एण्ड शैडयूल्ड ट्राइब्स को भी रिजर्वेशन मिला, मिलना चाहिए था, 27 परसेंट बैकवर्ड क्लासेज को रिजर्वेशन मिला, मिलना चाहिए था। अब अपर क्लास के लिए भी 5 परसेंट से लेकर 10 परसेंट तक की रिजर्वेशन की बात सरकार कह रही है और दूसरी तरफ मक्कारी के साथ मुसलमानों के मामले में हमारे मुल्क के लीडरान रोते हैं कि मुसलमान वेतालीम है। इसको आगे बढ़ना चाहिए। मुसलमान बेरोजगार है। इसकी गली-कूचे, इसके मकानात गंदे हैं। इसके मोहल्ले में जाने से बू आती है। मैं पूछना चाहता हूं कि इन्हें, सड़ियल, गड़ियल और मरियल बनाने में किसका हाथ था? किसने मुसलमानों को हिन्दुस्तान के कब्रिस्तान में पहुंचाया? मैं कहना चाहता हूं कि जब मुसलमानों के रिजर्वेशन की बात कही जाती है तो कोई सुनने के लिए तैयार नहीं होता। तरकीयाती धारे में जोड़ने के लिए जब मुसलमानों की बात कही जाती है तो हुक्मरान पार्टी हो चाहे आपोजीशन पार्टी हो, इसके मुंह गूंगे हो जाते हैं, इसकी आंखें अंधी हो जाती हैं, इसके कान बहरे हो जाते हैं। सिर्फ मुसलमानों का वोट लेने के लिए मुसलमानों के साथ दोस्ती के पुरफरेब नारे लगाए जाते हैं। मगर जब मुसलमानों का हक देने की बात आती है तो

[मौलान मोर्कहुल्ला खान आज़मी]

मुसलमानों को भिखारियों की सफ में खड़ा कर दिया जाता है। इसलिए मैं आपसे कहना चाहूंगा कि सच्चाई को मानिए मुसलमान अपने मुल्क का वह वफादार सिपाही है कि बाबरी मस्जिद के टूट जाने के बाद भी हिन्दुस्तान के मुसलमानों ने देश की संपत्ति को नुकसान न पहुंचाकर देश को तबाह व बर्बाद न करके, देश के खिलाफ कोई गलत मैसेज न दे कर यह साबित कर दिया है कि एक नहीं एक हजार मस्जिद तोड़ दोगे और तोड़ने के बाद रिएक्शन के जरिए मुसलमानों से हिन्दुस्तान तुड़वाना चाहोगे तो मुसलमान अपना देश नहीं तोड़ेगा। वह इसी मुल्क में पैदा हुआ है, इसी मुल्क में अपनी टूटी मस्जिद फिर बनाएगा और इसी मुल्क को तरक्की के आसमान तक पहुंचायेगा, इसलिए कि यह मुल्क किसी के बाप की जागीर नहीं है। काश्मीर की वादी से लेकर कन्या कुमारी की सरहदों तक जितनी भी पैदा होने वाली कौमें हैं सब की सब इस मुल्क की बराबर की मालिक और हकदारी हैं और इसी जजबे के साथ इस मुल्क का मुसलमान अपने आपको तरक्की की बुलंदियों तक ले जाएगा। हम अपने बुजुर्गों और पूर्वजों की कहानियों और उनकी कुर्बानियों को मिट्टी में नहीं मिला सकते। हिन्दुस्तान की आजादी के लिए हमने बे-पनाह कुर्बानी दी है। आसानी से हिन्दुस्तान आजाद नहीं हुआ। हमारी मां और बहनों की मांग का सिंदूर तन के गोरे मन के काले अंग्रेज छीन रहे थे जब हमारे बुजुर्गों ने कुर्बानी देकर इस मुल्क को आजाद करवाया, जब हमारे बच्चों को यतीम बनाया जा रहा था तब हमारे बुजुर्गों ने कुर्बानी दे कर बच्चों को सुरक्षित किया। जब हमारी सोने जैसी धरती को छीना जा रहा था तब हमारे पूर्वजों और बुजुर्गों ने अपनी कुर्बानी देकर मुल्क को आजाद करवाया। भारत माता के हाथ-पैर में गुलामी की जंजीरें लगी हुई थीं, अशफाक उल्ला खां ने अपनी गर्दन कटवा कर भारत माता के हाथ और पैर से गुलामी की जंजीरें तुड़वा दीं। हमने जिस मुल्क को बे-पनाह कुर्बानियों के जरिए हासिल किया है, हम किसी की दादागिरी, गुन्डागर्दी की बुनि-याद पर न अपना मुल्क छोड़ सकते हैं, न अपनी जमीन छोड़ सकते हैं, न अपनी मस्जिद छोड़ सकते हैं। हिन्दुस्तान हमारा है। हमारे दिल और हमारी भावनाएं पुकार रही थीं "सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तान हमारा, हम बुलबुलें हैं इसकी यह गुलिस्तान हमारा" मगर आज यह हिन्दुस्तान जलाया जा रहा है, आज इस हिन्दुस्तान की सभ्यता फूंकी जा रही है, आज इस मुल्क की हिन्दू-मुस्लिम एकता को गारत किया जा रहा है, आज इस हिन्दुस्तान की अजमत को चुनौती दी जा रही है। आज यह हिन्दुस्तान फिर अबुल कलाम आजाद को आवाज दे रहा है, आज यह हिन्दुस्तान फिर एक महात्मा गांधी की जरूरत महसूस कर रहा है, आज आइये हिन्दुस्तान फिर मौलाना मोहम्मद अली जौहर जैसे अजीम इन्सान की तलाश में है। आज यह हम और आप इस हाउस में अहद करें कि बच्चों को कत्ल नहीं करेंगे। आज यह हम और आप इस हाउस में अहद करें कि इस मुल्क को अजीम से अजीमतर बनाने के लिए किसी की मजहबी इबादतगाह को नहीं तोड़ेंगे। किसी औरत की बेइज्जती नहीं करेंगे। इस देश को दूसरों के हाथों में बेचने का तमाशा नहीं करेंगे। हिन्दुस्तान के खिलाफ दुनिया के दलाल और जासूस नहीं बनेंगे। अपने मुल्क के बैंकों को नहीं लूटेंगे। आज जिस

सरकार की सरपरस्ती में मुल्क चल रहा है इस सरकार ने इस मुल्क को तबाही के कगार पर खड़ा कर दिया है। इस मुल्क का खून निचोड़ लिया गया है और इस मुल्क की सभ्यता को तबाह कर दिया है। पंजाब भी तबाह हुआ सिर्फ इलैक्शनी सियासत के जरिए, काश्मीर तबाह हुआ सिर्फ कांग्रेस की इलैक्शनी सियासत के जरिए, बाबरी-मस्जिद टूटी सिर्फ कांग्रेस की इलैक्शनी सियासत के जरिए, हिन्दुस्तान में हिन्दू-मुस्लिम वातावरण तबाह हुआ सिर्फ कांग्रेस की इलैक्शनी-सियासत के जरिए। संभल सकते हो तो फिर संभल जाओ। मुल्क को इस तरह की अय्यारांना सियासत के जरिए दीमक से मत चटवाओ। गलत रवीश से मुनाजिल का बोझ बढ़ता है, मुसाफिरो रवीशे कारवां बदल डालो।

मैं आखिरी बात कह कर अपनी बात खत्म करता हूं। नासमझोगे तो मिट जाओगे ऐ हिन्दुस्तां वालो, तुम्हारी दास्तां तक भी न होगी दास्तानों में।

थैंक यू, शुक्रिया।

مولانا عبید اللہ خاں اعظمی (اتر پردیش)

محترم صدر عالی وقار۔ اس وقت خطبۂ صدارت پر حکمران پارٹی کی طرف سے اور اپوزیشن پارٹیز کی طرف سے بحث کا سلسلہ جاری ہے۔ جمہوری ڈھانچہ سے صدر جمہوریہ کا خطبہ سرکاری پالیسیوں کی نشاندہی کرتا ہے۔ ابھی ہمارے دوست جناب ہاشمی صاحب کانگریس کی ساری برائیوں کو چھپانے کے لئے دوسری پارٹیوں پر جس طرح کے الزامات لگا رہے تھے اس میں انہوں نے ایک بات اچھی کہی ہے کہ سیاست میں سب سے بڑا گناہ سچائی کو چھپانا ہے۔ میں ان کی اس بات کے ساتھ اس خطبۂ صدارت پر گفتگو کرنے جا رہا ہوں اور میں سیاسی گناہ نہ کرتے ہوئے سچائی ہاؤس کے سامنے اور ملک کے سامنے لانا چاہتا ہوں۔

صدر محترم، انہیں کالی گھٹاؤں کو نہیں پہچاننا آتا نشیمن سے دھواں اٹھتا ہے تو یہ کہتے ہیں ساون ہے۔ حضور عالی خطبۂ صدارت میں یہ کہا ہے "پیراگراف نمبر ۲ میں کہ:

"ہمارا پہلا کام لوگوں میں باہمی یقین اور ہم آہنگی کو پھر سے قائم کرنا ہے جسے پچھلے سال ۶ دسمبر اور اس کے فوراً بعد افسوسناک واردا توں سے گہرا دھکا لگا ہے اور جمہوریت اور سیکولرازم کی قدروں کو زبردست خطرہ پیدا ہو گیا ہے۔ ہمیں فرقہ پرستی کے پرچار کا مل کر مقابلہ اور اس کی مذمت کرنی چاہیئے تاکہ ہم اپنے سیکولر کردار کو بچانے کی کوشش کر سکیں۔"

میں اس سلسلہ میں یہ کہنا چاہونگا اور جیسے میں نے کہا کہ صدر جمہوریہ کا خطبہ سرکاری پالیسی کی نشاندہی کرتا ہے پریسیڈنٹ ایڈریس کا یہ ٹائیٹل کور آپ دیکھ لیجئے۔ پریزیڈینشیل ایڈریس کا ٹائیٹل کور یہ بتا رہا

†Transliteration in Arabic Script.

کانگریسی سرکار اور بی۔جے۔پی دونوں کی ملی بھگت سے عدالت کے حکم کو روند کر عدل و انصاف کا خون بہا کر بابری مسجد کے اوپر ایودھیا میں مرکزی سرکار کی فورسز کی موجودگی میں ۲۲ دیگر مسجدوں اور ۲۴ مکانوں کو برباد کر دیا جائے اور مسجد کے ملبے پر پوجا استھل بنا دیا جائے پھر عدالت سے احکامات بھی لے لئے جائیں کہ مورتیوں پر سایہ کیا جائے اور درشن کرنے والوں کی سہولتیں بھی ہو جائیں۔ اب مسلمان کس عدالت میں فریاد کریں۔ پریذیڈنٹ کے ایڈریس میں اس طرح کی کوئی نشاندہی نہیں کی گئی ہے۔ مظلوموں کی بربادی پر مگرمچھ کے آنسو بہانے سے کسی مسئلہ کا حل نہیں نکلے گا اور نہ مظلوموں کو انصاف ملے گا۔ ہمارے صدر محترم یہ کہتے ہیں فرقہ پرستی سے لڑنے کیلئے پورے ملک کو آواز دی گئی ہے میں کہنا چاہوں گا کہ کیا فرقہ پرستی ۶ دسمبر کو یکایک بابری مسجد سے ٹپک پڑی سچائی اجاگر کرنا سیاست میں ایک بڑا اچھا کام ہے جیسا کہ ہمارے ہاشمی صاحب نے کہا اور میں بھی کہنا چاہوں گا کہ فرقہ پرستوں نے کانگریسی حکومت کی کوکھ میں جنم لیا۔ بی۔جے۔پی کے لوگوں کے اوپر آج جو پہاڑ ہوا۔ بی۔جے۔پی کے لوگ جو کچھ بھی کر رہے ہیں وہ منافقانہ ہے کہ شاید اس کانگریسی سرکار نے اپنے خاتمہ کا خود اعلان کر دیا ہے۔ اس لئے یہ پیلا رنگ بہار کے بجائے خزاں کی علامت ہے اس خطبہ میں ۶ دسمبر ۱۹۹۲ کے دکھ بھرے واقعہ کا ذکر کیا گیا ہے۔ مگر اس ایڈریس میں سرکار کے اس وعدہ کا کوئی ذکر نہیں کیا گیا ہے جس کا ۶ دسمبر کو بابری مسجد کے ٹوٹنے کے بعد ہمارے ملک کے پرائم منسٹر پی۔وی۔نرسمہا راؤ جی نے دور درشن سے اعلان کیا تھا کہ مسجد اسی جگہ پر بنائی جائے گی جہاں پر وہ مسجد تھی پر اڈوانی نے توڑی ہے۔ نرسمہا راؤ جی کا یہ وعدہ صرف ہندوستان کے لوگوں سے نہیں بلکہ پوری دنیائے انسانیت سے تھا کہ ہم مسجد وہیں بنائیں گے۔ مگر ان کا عمل بتا رہا ہے کہ انہوں نے اس واقعہ سے نہ کوئی سبق حاصل کیا ہے اور نہ اس سرکار کے دل میں انصاف کی کوئی تڑپ اور بھاؤنا پیدا ہوئی ہے۔ انصاف کا تقاضہ تو یہی ہے کہ وہ اپنی غلطی کو دور کر دیتے۔ سرکاری کام کاج اور رنگ ڈھنگ پکار پکار کر کہہ رہا ہے کہ مرکزی سرکار سمرک پر پڑے ہوئے سوکھے پتوں کی طرح ہوا کے رخ پر اپنا رخ بدلتی جا رہی ہے۔ سرکاری اور غیر سرکاری دہشت گردی کے خلاف کمزور مظلوم طبقوں کی آخری پناہ گاہ ہمیشہ سے عدالتیں رہی ہیں۔ لیکن

اسٹیشن ہیں یا ہندو راشٹر کے پولیس اسٹیشن ہیں۔ ہندوستان کی جتنی عدالتیں ہیں یا سیکولر اسٹیٹ کی عدالتیں ہیں یا ہندو راشٹر کی عدالتیں ہیں۔ میں یہ نہیں جاننا چاہتا کہ ہندوستان کے کتنے پولیس اسٹیشنوں میں مندر بنے ہیں۔ میں یہ پوچھنا چاہتا ہوں کہ سیکولر اسٹیٹ کے پولیس اسٹیشنوں میں کتنے پولیس اسٹیشن باقی رہ گئے ہیں جن میں مندر نہیں بنے ہیں۔ بی۔ جے۔ پی کی حکومت سنہ ۱۹۴۷ سے لے کر آج کے دن تک سینٹر میں کبھی نہیں رہی۔ یہ کس کی حکومت میں سنٹرل گورنمنٹ کس کی رہی، کس کی حکومت میں مندر تھانوں میں بنتے رہے۔ کس کی حکومت سے تحصیلوں میں مندر بنتے رہے۔ بی۔ ڈبلیو۔ ڈی کی زمین پر کس کی حکومت میں مندر بنتے رہے۔ بی۔ ڈبلیو۔ ڈی کی زمین پر کس کی حکومت میں مندر بنتے رہے تھانوں کے مندروں میں جو پجاری ہیں کیا وہ کاشی سے لائے گئے یا متھرا سے لائے گئے۔ یہ پولیس کی وردی پہننے والے جو ہیں وہی پجاری کا کام بھی کر رہے ہیں۔ میں پوچھنا چاہتا ہوں کہ ہندو راشٹر بنانے کا کام اس دیش میں کانگریس نے کیا یا بی۔ جے۔ پی نے کیا۔ کسی بھی دھرم استھل کو آپ دیکھیں، کسی بھی زمین پر نرمان کو آپ دیکھیں کے ساتھ پوری دنیا کو بتلا کر کر رہے ہیں۔ مسجد کو توڑنے کے لئے انہوں نے جو کچھ بھی کرنا تھا انہوں نے صفائی کے ساتھ بولا تھا۔ اس ملک میں رام راج کے لئے جو بھی پروگرام بنایا۔ انہوں نے بڑی صفائی سے بنایا۔ کسی کو بھی دھوکہ میں نہیں رکھا۔ مگر رام راج لانے کا وعدہ کانگریس نے نہیں کیا تھا۔ کانگریس نے سیکولرازم کو اس ملک میں زندہ و تابندہ رکھنے کا وعدہ کیا تھا۔ میں پوچھنا چاہتا ہوں بھارت سرکار سے کہ سیکولرازم کی پری بھاشا کیا ہے۔ کیا سیکولرازم اینٹی ہندو کا نام ہے یا اینٹی مسلم کا نام ہے۔ سیکولرازم نہ پرو مسلم کا نام ہے اور نہ پرو ہندو کا نام ہے۔ اس ملک میں جب بی۔ جے۔ پی کے لوگ کہتے ہیں کہ ہندو راشٹر بنائیں گے تو اس طرف سے بھی آواز آئی ہے کہ ہم ہندو راشٹر نہیں بننے دیں گے۔ یہ سیکولر اسٹیٹ ہے اور سیکولر اسٹیٹ رہے گا۔ آج میں یہ پوچھنا چاہتا ہوں کہ سیکولر اسٹیٹ کی پری بھاشا کیا ہے۔ جہاں تک میں نے سیکولرازم کا ادھین کیا ہے۔ سپریم کورٹ نے ہندوستان میں سیکولر اسٹیٹ کی کسی سمیتی پر کسی بھی دھرم کرم کا پنہہ اگر لگ جائے تو سیکولرازم کی تباہی کی علامت ہے۔ میں پوچھنا چاہتا ہوں کہ ہندوستان کے جتنے پولیس اسٹیشن ہیں یہ سیکولر اسٹیٹ کے پولیس

چھپانا سیاست میں سب سے بڑا گناہ ہے تو میں اب سچائی آپ کے سامنے رکھ رہا ہوں۔ جس ارون نہرو کا رونا رویا جا رہا تھا وہ ارون نہرو کانگریس کے منتری تھے یا جنتا پارٹی کے منتری تھے۔ جس وقت بابری مسجد کا تالا کھلوایا گیا میں آپ سے کہنا چاہوں گا کہ اس جمہوری نظام میں کس طرح سے جمہوریت کا قتل و غارت گری کیا گیا ہے میں اس کو آپ کے سامنے رکھنا چاہوں گا کہ ۶ دسمبر کو ... آپکی میں نے سب سُن لی ہے اب آپ میری بھی سُنئے۔ آپ کو درد نہیں ہونا چاہیئے۔

بھوتل پریوا ہن منتراليه میں راجیہ منتری" سوتنتر پربھار (شری جگدیش ٹائیٹلر) میں تو کچھ کہہ ہی نہیں رہا ہوں۔ میں تو ارون نہرو کے بارے میں بول رہا ہوں کہ ہمارے یہاں اسٹیٹ منتری تھے آپ کے یہاں کیبنٹ منتری تھے۔

مولانا عبید اللہ خان اعظمی: ہاں ٹھیک ہے رہے ہوں گے۔ اس سے کیا ہوتا ہے..." مداخلت"..

شری سنگھ پریہ گوتم: یہ کوئی دلیل نہیں ہے کہ آپ کے یہاں چور تھے اور یہاں ڈکیت تھے" مداخلت"

مولانا عبید اللہ خان اعظمی: اور صدر گورنمنٹ کی کوئی بھی بلڈنگ بنتی ہے۔ جب تک مہورت سے سات ناریل پھوڑ کر اور ۱۷ بار ہر ہر مہادیو کا نعرہ نہ لگالیں۔ تب تک کنسٹرکشن شروع نہیں ہوتی ہے..: مداخلت" ... جتنی بھی بلڈنگیں ہیں۔

میں پوچھنا چاہتا ہوں۔ پلوں کے بارے میں بھی میرے پاس ریکارڈ ہیں۔: مداخلت:

شری جگدیش ٹائیٹلر: غلط بول رہے ہیں..." مداخلت"...

مولانا عبید اللہ خان اعظمی: پلوں کے بارے میں بھی ہمارے منسٹر پلوں کا اُدگھاٹن بغیر پوجا پاٹھ کے نہیں کرتے ہیں۔ یہ کس فرقہ پرستی کی بات آپ کر رہے ہیں۔ ایودھیا کی دھرتی پر فرقہ پرستی کی بات کانگریس پارٹی کر رہے ہیں۔ میں پوچھنا چاہتا ہوں کہ درشن سے لے کر ایودھیا کی دھرتی پر شلانیاس کروانے تک ایودھیا کی دھرتی پر بابری مسجد کا تالا کھلوانے تک ایودھیا کی دھرتی پر بابری مسجد کی تباہی اور بربادی کے بعد ۴۸ گھنٹہ تک صدر راج میں نیا عارضی مندر بنوانے میں بی۔ جے۔ پی کھڑی رہی ہے یا کانگریس کھڑی رہی ہے۔ میں تو آپ کے سامنے یہ ساری باتیں اس بنیاد پر لانا چاہتا ہوں۔ جس بنیاد پر ہاشمی صاحب نے فرمایا ہے کہ سچائی کو

بجائے انہیں پورے سرکاری اعزاز کے ساتھ خصوصی ٹرینوں اور خصوصی بسوں اور وجے جلوسوں کے ساتھ ان کے گھر تک پہنچایا۔ اتنا ہی نہیں بلکہ ملک کے طول و عرض کی کانگریس اور بھاجپائی ریاستوں میں پولیس۔ پولیس کی راہ نمائی اور پولیس کی مدد کے ذریعہ مسلمانوں کا قتل عام کیا گیا۔ خود دلّی کی دھرتی پر ویلکم کالونی میں بمبئی کی سرزمین پر اور ملک کے دوسرے حصّوں میں پولیس نے مسلسل مسلمانوں کا جس انداز میں قتل عام کیا۔ چنگیز اور ہلاکو ہٹلر کی روحیں بھی اس سے شرما گئی ہوں گی۔ لیکن اس سرکار کو ذرا سی بھی غیرت نہیں آتی اور آج پوری ڈھٹائی اور دیدہ دلیری کے ساتھ سیکولرازم اور جمہوریت کی بات کہہ کر مظلوموں کے زخموں پر یہ سرکار نمک پاشی کر رہی ہے۔ یہ کھوکھلا نعرہ لگا رہی ہے کہ فرقہ پرستی کے خلاف سیکولر طاقتوں کو ایک جگہ ہو جانا چاہیئے۔ کانگریس اور مرکزی حکومت اپنے آپ کو سیکولر اور سیکولرازم کی دہائی دے کر کس کو بے وقوف بنانا چاہتی ہے۔ مجھے اچھی طرح سے کانگریس کی مینگ اس فرقہ پرستی کی تہہ میں معلوم پڑ گئی ہے۔ ہم نے کہا کہ ..

لفظ برائی کے ہیں بہت جیسے جوا۔

محترم میں کہنا چاہتا ہوں کہ اس صدارت کے خطبے میں ۶ دسمبر کے واقعہ کا ذکر تو کیا گیا ہے لیکن یہ نہیں بتایا گیا ہے کہ کلیان سنگھ سرکار نے ۶ دسمبر کو پونے بارہ بجے قانون کی حکمرانی پر جو حملہ شروع کیا تھا۔ ساڑھے تین بجے استعفیٰ دے کر اس عمل کی تکمیل کلیان سنگھ نے نرسمہا راؤ سرکار کے ذریعہ کروائی اور اس میں اس بات کا بھی تذکرہ نہیں کیا گیا ہے کہ کلیان سنگھ سرکار نے دستور قانون عدالت پر صرف چار پانچ گھنٹہ تک ہی یلغار کیا لیکن اس سنٹرل سرکار نے اس کے بعد تقریباً ۴۸ گھنٹے تک اس عمل کو اس وقت تک جاری رکھا جب تک کہ مسجد کا ملبہ ہٹا کر اس جگہ عارضی مندر کی تعمیر نہیں ہو گئی ...

"ہر ایک مقام پہ رہزن سے آشنائی ہے
یہ رہنما ہیں یا انداز راہ نمائی ہے"

صدر محترم۔ اتنا ہی نہیں بلکہ مرکزی حکومت ہی کی عملداری میں بابری مسجد کے علاوہ وہاں ۲۲ دوسری مسجدوں اور مسلمانوں کے ۴۲ گھروں کو نیست و نابود کیا گیا۔ ۱۹ بے گناہوں کو شہید کیا لیکن یہ مرکزی حکومت ہی تھی جس نے ۴۸ گھنٹوں تک دستور قانون اور عدالت کا مذاق اڑانے والے قاتل زنوں اور آتشزنوں کو گرفتار کرنے کے

جس طرح سے وہاں کی پریمیرا جاری تھی۔ اسی طرح سے وہاں کی پریمیرا کو جاری و ساری رکھنے کے عدالت کے دروازے کھلے ہوئے ہیں عدالت بنئے کی دکان نہیں ہے۔ عدالت سے کلیئر طور پر فیصلہ ہونا چاہئے اور اسی کے ساتھ ساتھ میں اپنا فرض سمجھتا ہوں کہ اس ہاؤس کے ذریعہ کانگریس اور اس کی اسٹیئرنگ کمیٹی کو صاف صاف بتا دوں کہ آپ جتنی بھی زبردستی چاہے کر لیں لیکن ملک کا مسلمان اسی جگہ مسجد کی دوبارہ تعمیر کے بغیر کسی بات کو تسلیم نہیں کر سکتا۔ یہ جو دو ڈرسٹ کی بات کی جا رہی ہے۔ اس گورنمنٹ کا کون ٹرسٹی کرے گا۔ جس سرکار نے سارے ہندوستان کے ٹرسٹ کے ساتھ وشواس گھات کیا ہے۔ میں ایک بار آپ سے مخاطب ہو کر کہہ رہا ہوں۔ پورے ہاؤس سے مخاطب ہو کر کہہ رہا ہوں کہ ۲۶ جنوری ۱۹۵۰ء کو ہمارے عظیم بزرگوں نے ملک میں دستور بنانے میں جس بڑے دل کا مظاہرہ کیا تھا اگر اس کے لئے آپ کا دل و دماغ سکڑ گیا ہے تو آپ اپنے آپ کو تاریکیوں میں گم کر دیں گے۔

ہم لاکھ سدبھاؤنا سدبھاؤنا کا نعرہ لگائیں۔ ملک کے سارے دانشوروں کو ریڈیو پر صرف سدبھاؤنا کا جاپ کرنے کیلئے بلائیں۔ شراب۔ فسادات اور قتل۔

برائی کے لفظ میں اس کا بیان کرو۔

میں نے کہا کہ سب سے مناسب ہے کانگریس۔

صدر صاحب۔ ایک ہنگامہ مچتا ہے تو اس کو بھولوں سینکڑوں باتوں کا رہ رہ کے خیال آتا ہے۔ اگر مرکزی سرکار نے ان واقعات سے کوئی سبق لیا ہوتا تو سیکولرازم کی مضحکہ خیز دہائی دینے اور مگرمچھ کے آنسو بہانے کے بجائے ظلم اور ناانصافی کے خاتمہ کی کارروائی کی گئی ہوتی۔ اگر سرکار نے بابری مسجد کو اسی جگہ دوبارہ بنانے کا اپنا وعدہ پورا نہیں کیا تو یہ اس کا ثبوت ہوگا کہ یہ خود تسلیم کر چکی ہے کہ ملک میں قانون کی حکمرانی کا خاتمہ ہو چکا ہے۔ پرائم منسٹر نے ۱۵ اگست کو قوم کے نام ایڈریس کرتے ہوئے لال قلعہ کی عظیم فصیل سے اعلان کیا تھا کہ مسجد کو کسی قیمت پر نہیں ٹوٹنے دیا جائے گا۔ اس کی حفاظت کی جائے گی اور مسجد ٹوٹ جانے کے بعد بھی پرائم منسٹر نے دنیا کے سامنے یہ اعلان کیا تھا کہ اسی جگہ پر مسجد کو بنایا جائے گا۔ میں مطالبہ کرتا ہوں ۶ دسمبر کو جس حیثیت کے ساتھ وہاں مسجد کھڑی تھی اسی حیثیت کے ساتھ وہاں پر مسجد کھڑی رہنی چاہئے اور

اُتار کر قتل کیا جائے۔ ہندوستانی عورتوں کو ننگا کر کے ویڈیو فلم بنائی جائے۔ کسی ایک فرقہ کے لوگوں کے مکان پر نشان لگا کر انکے مکان پھونکے جائیں اور انسانیت کا خون بہایا جائے۔ پولیس اور پی۔ اے۔ سی کے نام پر سرکاری وردی میں کرڈاکوؤں اور قانون کے قاتلوں کا کردار ادا کیا جائے۔ ملک کی اعلیٰ ترین کرسیوں پر بیٹھ کر غیر ملکوں سے دلالی اور کمیشن کھائی جائے۔ ہندوستان کے بنکوں کی عوام اور ملک کی دولت کو شیئر گھوٹالے کے نام پر لوٹا اور کھسوٹا جائے۔ اگر اس گھٹیا حرکتوں کا نام راشٹریہ دھارا ہے تو مسلمان ایسی کسی گندی دھارا کے ساتھ بہنے کے لئے تیار نہیں ہیں۔

اگر وطن فروشی، قوم فروشی اور ضمیر فروشی کا نام راشٹریہ دھارا ہے تو ایسی راشٹریہ دھارا دیش کے غداروں کو مبارک ہو۔ ہاں اگر قومی دھارا کا مطلب یہ ہے کہ سیکولر اسٹیٹ ہندوستان کی عوامی اور سرکاری زمین پر مٹھ کوں پر دھرم استھل بنا دیا جائے۔ دستور ہند اور قانون کی دھجیاں اڑا کر جذبات و آستھا کا پرفریب نعرہ دے کر ملک کے دیگر مذاہب کے حقوق کو پامال کیا جائے تو پھر سیکولرازم کا قتل کسے کہتے ہیں۔

سچ بات تو یہ ہے کہ راشٹریہ دھارا اسے لیکن سدبھاؤنا کا جنم صرف انصاف کے پیٹ سے ہوتا ہے۔ جارحیت کو تسلیم کرنے سے سدبھاؤنا پیدا نہیں ہوتی۔

میں ایک بات کہنا چاہوں گا۔ ہمارے دوست تھے بھاٹیہ صاحب۔ انہوں نے اپنی تقریر میں رولنگ پارٹی کی طرف سے کہا تھا اور مشورہ دیا تھا مسلمانوں کو راشٹریہ دھارا سے جوڑنے کیلئے ..." مداخلت"...

آپ سبھا ادھیکش "شری شنکر دیال سنگھ": آپ یہ کلیئر کر دیں کہ منتری بھاٹیہ صاحب نہیں مدن صاحب تھے۔

مولانا عبید اللہ خان اعظمی: نہیں مدن بھاٹیہ۔ وہ ایڈوکیٹ بھاٹیہ صاحب۔ مدن بھاٹیہ صاحب۔ انہوں نے یہ فرمایا تھا کہ مسلمانوں کو راشٹریہ دھارا سے جوڑنے کی کوشش کرنی چاہیئے۔

صدر محترم میں کہنا چاہوں گا کہ اس طرح کے نعرے مسلسل کئی تنظیموں کی طرف سے مسلسل الاپے جاتے ہیں۔ میں پوچھنا چاہتا ہوں کہ راشٹریہ دھارا میں مسلمانوں کے جوڑنے کا مطلب کیا ہے۔ مسلمانوں کو راشٹریہ دھارا میں جوڑنے کا مطلب اگر یہ ہے کہ مہاتما گاندھی، راجیو گاندھی کا قتل کیا جائے، ہندوستان کے خفیہ راز چین اور پاکستان کے ہاتھوں بیچ دیئے جائیں، ٹرینوں اور بسوں سے بے قصور ہندوستانیوں کو

کر چکا ہے۔

ہند کو ناز ہے جس پر وہ نشانی ہم ہیں
تاج اور لال قلعہ کے یہاں بانی ہم ہیں

مگر کیا ترقیاتی دھارا میں مسلمانوں کو کبھی جوڑا گیا۔ کیا ملک کے ترقیاتی راشٹریہ دھارا کے ساتھ مسلمانوں کو کبھی لگایا گیا کے پرسینٹ مسلمانوں کو نوکری دی گئی ہے۔ مجھے بتایا جائے کتنے پرسینٹ مسلمانوں کو پولیس میں رکھا گیا ہے مجھے بتایا جائے۔ کتنے پرسینٹ مسلمان کرمچاری کے روپ میں رکھے گئے ہیں مجھے بتایا جائے

آج ہندوستان کی سرزمین کی ہر قوم کا سروے کر کے آپ دیکھ لیجئے۔ ریزرویشن کی باتیں چل رہی ہیں۔ شیڈولڈ کاسٹ اینڈ شیڈولڈ ٹرائبس کو بھی ریزرویشن ملا۔ ملنا چاہیئے تھا۔ ۲۷ پرسینٹ بیکورڈ کلاسیز کو ریزرویشن ملا۔ ملنا چاہیئے تھا۔ اب اپر کلاس کیلئے بھی ۵ پرسینٹ سے لیکر ۱۰ پرسینٹ تک کی ریزرویشن کی بات کہی جا رہی ہے اور دوسری طرف مکاری کے ساتھ مسلمانوں کے معاملے میں ہمارے ملک کے لیڈران روتے ہیں کہ مسلمان بے تعلیم کا ہے اس کو آگے بڑھنا چاہیئے۔ مسلمان بیروزگار کا ہے اس کی گلی کوچے۔ اس کے مکانات گندے ہیں اس کے محلے میں جانے سے بو آتی ہے میں پوچھنا چاہتا ہوں کہ یہ سٹریل۔ گرڈیل اور مریل کس کا نظام حکومت تھا۔ کس نے مسلمانوں کو ہندوستان۔

ہی مسلمانوں کو کترا کر بہتا رکھا ہے۔ وقت کی گھنٹی"... لاکھ کوششوں کے باوجود مسلمانوں کو اس دھارا کے ساتھ لیکر چلنے کے لئے کوئی آمادہ ہی نہیں ہوا۔ البتہ جن دو ایک فیصدی مسلمانوں کو اپنے طور پر خدمت کا موقع ملا تو انہوں نے سائنس اور ٹیکنالوجی میں عبدالکلام جیسے بہادر پیدا کئے اور مہم جوئی میں ظہور قاسم۔ جنگی میدان میں بریگیڈیئر عثمان اور حوالدار عبدالحمید۔ کھیل کے میدان میں اظہرالدین محمد شاہد اور ظفر اقبال۔ ان سبھی نے ثابت کر دیا کہ اگر تناسب آبادی کے لحاظ سے یہ موقع مسلمانوں کو ملا ہوتا تو یہ ملک اخلاقی زوال اور بھرشٹاچار اور کرپشن کا شکار نہیں ہوتا مسلمانوں نے ہمیشہ اپنے کو قومی دھارے سے جوڑے رکھا۔ جبکہ مسلمانوں کو ہمیشہ قومی دھارے سے دور رکھنے کی کوشش کی گئی۔

کس چیز کا نام ہے قومی دھارا۔ اگر ملک کے اوپر قربان ہونے کا نام قومی دھارا ہے۔ اگر دیش کی ترقی اور اُنّتی کا نام راشٹریہ دھارا ہے تو ہندوستان کے مسلمانوں نے عبدالحمید بن کر۔ عبدالکلام بن کر۔ مولانا محمد علی جوہر بن کر اور اشفاق اللہ خان بن کر یہ ثابت کر دیا ہے کہ ہندوستان کی راشٹریہ دھارا کو اُنّتی اور پروان چڑھانے کے لئے مسلمان اپنے خون جگر کی قربانی ہر دور میں دے کر ثابت

تک جتنی بھی پیدا ہونے والی قومیں ہیں سب کی سب اس مُلک کی برابر کی مالک اور حقدار ہیں اور اسی جذبہ کے ساتھ اس ملک کا مُسلمان اپنے آپ کو ترقی کی بلندیوں تک لے جا رہا ہے ہم اپنے بزرگوں اور پورو جوں کی کہانیوں اور ان کی قربانیوں کو مٹی میں نہیں مِلا سکتے۔ ہندوستان کی آزادی کیلئے ہم نے بے پناہ قربانی دی ہے۔ آسانی سے ہندوستان آزاد نہیں ہوا۔ ہماری ماؤں اور بہنوں کی مانگ کا سندور تن کے گورے من کے کالے انگریز بھین رہے تھے جب ہمارے بزرگوں نے قربانی دے کر اس ملک کو آزاد کروایا جب ہمارے بچّوں کو یتیم بنایا جا رہا تھا۔ تب ہمارے بزرگوں نے قربانی دے کر بچّوں کو سرکشت کیا جب ہماری سونے جیسی دھرتی کو چھینا جا رہا تھا۔ تب ہمارے پورو جوں اور بزرگوں نے اپنی قربانی دیکر ملک کو آزاد کروایا۔ بھارت ماتا کے ہاتھ پیر میں غلامی کی زنجیریں لگی ہوئی تھیں۔ اشفاق اللہ خان نے اپنی گردن کٹوا کر بھارت ماتا کے ہاتھ اور پیر سے غلامی کی زنجیریں تڑوا دیں۔ ہم نے جس ملک کو بے پناہ قربانیوں کے ذریعہ حاصل کیا ہے ہم کسی کی دادا گری غنڈہ گردی اور اشتعال انگیز کاروبار کرنے کی بنیاد پر نہ اپنا ملک چھوڑ سکتے ہیں۔ نہ اپنی ضمیر چھوڑ سکتے ہیں۔ نہ اپنی زمین چھوڑ سکتے ہیں۔ ہندوستان ہمارا ہے۔ کے قبرستانوں میں پہنچایا۔ میں کہنا چاہتا ہوں کہ جب مسلمانوں کے ریزرویشن کی بات کہی جاتی ہے تو کوئی سُننے کیلئے تیار نہیں ہوتا۔ ترقیاتی دھارے میں جڑنے کیلئے جب مُسلمانوں کی بات کہی جاتی ہے تو حکمران پارٹی ہو چاہے اپوزیشن پارٹی ہو۔ اس کے مُنہ گونگے ہو جاتے ہیں۔ اس کی آنکھیں اندھی ہو جاتی ہیں۔ اس کے کان بہرے ہو جاتے ہیں صرف مُسلمانوں کا ووٹ لینے کیلئے مسلمانوں کے ساتھ دوستی کے پرفریب نعرے لگائے جاتے ہیں مگر جب مسلمانوں کا حق دینے کی بات آتی ہے تو مُسلمانوں کو بھکاریوں کی صف میں کھڑا کر دیا جاتا ہے۔ اس لئے میں آپ سے کہنا چاہونگا کہ مُسلمان اپنے مُلک کا وہ وفادار سپاہی ہے کہ بابری مسجد کے ٹوٹ جانے کے بعد بھی ہندوستان کے مُسلمانوں نے دیش کی سمپتی کو نقصان نہ پہنچایا کہ۔ دیش کو تباہ و برباد نہ کرکے دیش کے خلاف کوئی غلط میسج نہ دے کر کے یہ ثابت کر دیا ہے۔ ایک نہیں ایک ہزار مسجد توڑ دو گے اور توڑنے کے بعد ری ایکشن کے ذریعہ مُسلمانوں سے ہندوستان تڑوانا چاہو گے تو مُسلمان اپنا دیش نہیں توڑے گا۔ وہ اس ملک میں پیدا ہوا ہے اسی مُلک میں اپنی ٹوٹی مسجد بنائے گا اور اسی ملک کو ترقی کے آسمان تک پہنچائے گا اس لئے کہ یہ مُلک کسی کے باپ کی جاگیر نہیں ہے۔ کاشمیر کی وادی سے لے کر کنیا کماری کی سرحدوں

کا خون نچوڑ لیا گیا ہے اور اس ملک کی معیشت کو تباہ کر دیا گیا ہے۔ پنجاب بھی تباہ ہوا صرف الیکشنی سیاست کے ذریعہ۔ کشمیر تباہ ہوا صرف الیکشنی سیاست کے ذریعہ۔ بابری مسجد ٹوٹی صرف کانگریس کی الیکشنی سیاست کے ذریعہ۔ ہندوستان میں ہندو مسلم واقعات رونما ہوا صرف کانگریس کی الیکشنی سیاست کے ذریعہ۔ سنبھل سکتے ہو تو سنبھل جاؤ۔ ملک کو اس طرح کی خونخوار سیاست کے ذریعہ دیمک لگنے سے مت بچاؤ۔ غلط روش سے منازل کا لبعد بڑھتا ہے۔ مسافر اپنی روش کارواں بدل ڈالو۔ میں آخری بات کہہ کر اپنی بات ختم کرتا ہوں۔ نہ سمجھو گے تو مٹ جاؤ گے اے ہندوستان والو تمہاری داستان تک بھی نہ ہوگی داستانوں میں۔ تینکیو۔ شکریہ۔

प्रो० आई० जी० समदी (कर्नाटक) : आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। जनाब हाशमी साहब का भाषण, उसके बाद मौलाना आजमी साहब के भाषण में दर्दभरे बादलों की गर्ज को मैंने यहां सुना और बिजलियों की चमक भी मैंने देखी। अब मैं सोच रहा हूं कि इस गरम वातावरण को थोड़ी ठंडक पहुंचाने के लिए अगर वर्षा का मैं काम करूं, थोड़ी सी रिमझिम वर्षा की बातों को यहां पर रखूं तो वातावरण में थोड़ी सी नमी आ जाएगी।

ہمارا دل اور ہماری بھاونائیں پکار رہی ہیں
"سارے جہاں سے اچھا ہندوستان ہمارا"
ہم بلبلیں ہیں اس کی یہ گلستان ہمارا
مگر آج یہ ہندوستان جلایا جا رہا ہے۔
آج اس ہندوستان کی سبھیتا چھینی جا رہی ہے۔ آج اس ملک کی ہندو مسلم ایکتا کو غارت کیا جا رہا ہے۔ آج اس ہندوستان کی عظمت کو چنوتی دی جا رہی ہے۔ آج یہ ہندوستان پھر ابوالکلام کو آواز دے رہا ہے۔ آج یہ ہندوستان پھر مہاتما گاندھی کی ضرورت محسوس کر رہا ہے۔ آج یہ ہندوستان مولانا محمد علی جوہر جیسے عظیم انسان کی تلاش میں ہے۔ آیئے آج ہم اور آپ اس ہاؤس میں عہد کریں کہ بچوں کو قتل نہیں کریں گے۔ آج یہ ہم اور آپ اس ہاؤس میں عہد کریں کہ اس ملک کو عظیم سے عظیم تر بنانے کے لئے کسی کی مذہبی عبادت گاہ کو نہیں توڑیں گے کسی عورت کی بے حرمتی نہیں کریں گے۔ اس دیش کو دوسرے کے ہاتھوں میں بیچنے کا تماشہ نہیں کریں گے۔ ہندوستان کے خلاف دنیا کے دلال اور جاسوس نہیں بنیں گے اپنے ملک کے بینکوں کو نہیں لوٹیں گے آج جس سرکار کی سرپرستی میں ملک چل رہا ہے اس سرکار نے اس ملک کو تباہی کے کگار پر لا کر کھڑا کر دیا ہے۔ اس ملک

महोदय, मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद के प्रस्ताव का हृदय से समर्थन करता हूं। भारत की धर्मनिरपेक्षता को पिछले कुछ दिनों में जिस प्रकार की चुनौती का सामना करना पड़ा और उसका जिस प्रकार से देशवासियों ने और जनसाधारण ने मुकाबला किया, उससे यह सिद्ध हो गया है कि भारत की धर्मनिरपेक्षता का सिद्धांत, धार्मिक सहिष्णुता का आदर्श जन-मानस में बहुत गहरे व्याप्त हो गया है। यह इसलिए संभव हुआ कि हमारी संस्कृति कभी तोड़ने की बात नहीं करती है, हमेशा देशवासियों के दिलों को जोड़ने की बात करती है क्योंकि विभिन्न संस्कृतियों का व धर्मों का जन्म-स्थल यह भारतवर्ष है और अगर कुछ भ्रमित लोगों ने कुछ तोड़ा है, बिगाड़ा है तो इसे कभी सहन नहीं किया जा सकता। तोड़ने से आज भारत का सिर नीचा हो गया है, झुक गया है और आज फिर हमें भारत के सिर को ऊंचा उठाना है। महोदय, मुझे रवीन्द्र नाथ टैगोर जी की पंक्तियां याद आती हैं जिसमें उन्होंने कहा था --

"जहां मन भय-मुक्त हो,
जहां सिर गर्व से ऊंचा रहे,
Where the head is held high.
जहां यह दुनिया तंग दीवारों में न बटे,
जहां विवेक की निर्मल धारा कुस्वभावों के मरूस्थल में विलीन न हो जाय,
ऐसी स्वतन्त्रता के स्वर्ग में हे परम् पिता
मेरा देश फूले मेरा देश फले"

महोदय, रवीन्द्र जी के इन विचारों पर अमल करना अपना धर्म है, ऐसा मैं समझता हूं। देश को तोड़नेवाली, कमजोर करनेवाली और विभाजित करनेवाली ताकतों का हम सब को मिलकर, एक होकर मुकाबला करना होगा और ऐसा ही संकेत राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में दिया है। इससे देश को सरकार के मंतव्य का भी पता चलता है, ऐसा मेरा विचार है।

मंदिर-मस्जिद दोनों हमारी सांझी संस्कृति और हमारी धार्मिक भावना के स्थल हैं। महोदय, मैं कर्नाटक से आता हूं। वहां के प्रसिद्ध भक्त भंडारी बश्वेश्वर जी का एक वचन यहां उद्धृत करना जरूरी समझता हूं। हालांकि वह कन्नड़ में है, लेकिन एक बढ़िया वचन है। मैं उसका ट्रांसलेशन भी कर के बताऊंगा। उसमें उन्होंने कहा है

"उल्लवर, शिवालय माडुवर,
नानेनु माडली बडवनय्या
एन्न काले कंभ,
देहवे देगुल,
शिखे होन्न कलसवय्या"

इस वचन का हिन्दी अनुवाद यह है कि-- "जो अमीर है, वह मन्दिर बनाते हैं। मैं क्या बना सकता हूं, मैं तो गरीब हूं। मेरे पांव ही खम्भे हैं, मेरी देह ही एक देवालय है, मन्दिर है। मेरा सिर ही स्वर्ण-कलश है और मैं इसमें मेरे भगवान की पूजा करता हूं, अर्चना करता हूं।" चाहे मंदिर में कहिए, चाहे मस्जिद में कहिए, वहां भगवान का निवास है। इसके अलावा वह एक ही निवास नहीं है और भी दूसरी जगहों पर भगवान का निवास है। यह हमारी भावना है। क्या कबीर साहब ने नहीं कहा था कि --

"घट-घट में वह साई रहत है,
कटु वचन मत बोल रे।"

इतना ही नहीं, जब कभी हम भगवान को ढूंढने के लिए जाते थे तो क्या उन्होंने हमें सजग नहीं किया --

"मो को कहां ढूंढ ऐ बन्दे, मैं तो तेरे पास में,
ना मैं मन्दिर, ना मैं मस्जिद, ना काबे कैलाश में,
ढूंढिहो तो तुरत मिलि हौं पलभर की तलाश में,
कहत कबीर सुनो भाई साधो, सब सांसों की सांस में।"

[प्रो० आई० जी० सनदी]

महोदय, जब सब सांसों की सांस में हमें उसके जन्म-स्थल का परिचय होता है, जब उसके दर्शन होते हैं तो मुझे पता नहीं हमने इतनी सारी सांसों को क्यों मिट्टी में मिला दिया ? मैं समझता हूं कि यह भारतीय संस्कृति का दुर्भाग्य है और इस सबसे पार पाने के लिए भारत सरकार ने अयोध्या परिसर की जिस 68 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया है मंदिर-मस्जिद निर्माण के लिए जो पृथक-पृथक न्यास गठित करने का कार्य किया है, वह इस बात का परिचायक है कि धर्म-निरपेक्षता का आधार सर्व-धर्म सम्भाव ही है, न कि धर्मविहीनता ।

सरकार का यह प्रयास दोनों दलों के समुदायों की भागीदारी से चलेगा । इसमें मेरा विश्वास है । निश्चय ही यह दिलों को जोड़ने वाला कारगर कदम साबित होगा, ऐसी मेरी उम्मीद है ।

हर मजहब जिसको प्यारा है वह इंसान हमारा है ।
हिन्दू हो या मुसलमान यह नारा जो है हमारा है ।।

इस तरह हम सभी को एक साथ ले जाकर एक सूत्र में बांधने का जो काम है वह इस देश के अभी जो कर्ताधर्ता हैं, इस देश को संभालने की शक्ति जिनके हाथों में है, वह करेंगे । ऐसा मेरा विश्वास है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, पंजाब में आज वहां के लोगों के हाथ में लोकतंत्र आ गया है । एक नया विश्वास आज पंजाब में भी जग चुका है । प्रसन्नता का विषय है कि वहां प्रजातान्त्रिक प्रक्रिया के सक्रिय होने के बाद आतंकवाद पर काफी नियंत्रण पा लिया गया है । पंजाब में हाल ही में पंचायतों के चुनाव जो हुए हैं, इस बात के परिचायक हैं । अब पंजाब प्रगति की ओर बढ़ेगा, इसमें कोई शंका नहीं है । प्रजातांत्रिक प्रणाली में पूर्वोत्तर राज्यों में भी, जहां पर हमने देखा है वहां, स्थिति में काफी सुधार हो रहा है । इतना ही नहीं, बोर्डो जैसी समस्या, जो उस क्षेत्र के विकास को कुचल रही थी, उस समस्या का भी निदान हमने अभी पाया है । इसी तरह की प्रक्रिया कश्मीर में होना बाकी है । मैं समझता हूं कि सरकार इस ओर भी सजग हो गई है और जितनी जल्दी संभव हो सकेगा सरकार इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कश्मीर में भी लाने की कोशिश करेगी । मुझे याद है एक बात--"वरुए फिरदोसे जमीं अस्त, हमीं हस्तो हमीं हस्त", ऐसा कश्मीर के लिए कहा गया था और फिर से कश्मीर की सुन्दरता को सार्थक बनाने का काम जो है हमारी सरकार करेगी । ऐसा मुझे भरोसा है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैंने कहीं पढ़ा था, सुना था कि आत्म-विश्वास, आत्म-ज्ञान और आत्म संयम, यह तीन बातें जो हैं जीवन को शक्ति संपन्न बनाती है और मैं समझता हूं कि इन तीनों गुणों का संगम हमारे प्रधानमंत्री पी० वी० नरसिंह राव जी में है । इन तीनों गुणों को अपने में आत्मसात करके पंजाब में, पूर्वोत्तर राज्यों में, कश्मीर में एक नई विचार धारा और एक नई शक्ति प्रवाहित करने का काम जो है वह आप करेंगे । इसमें मुझे पूरा विश्वास है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, भारत गांवों का देश है । गांव इस देश की रीढ़ की हड्डी के समान है । आठवीं पंचवर्षीय योजना में यहां पर परिव्यय में वृद्धि की गई है । विभिन्न ग्रामीण कार्यक्रमों के अन्तर्गत उपेक्षित वर्गों को लाभ पहुंचाने के लिए भी भरसक कोशिश की गई है । इसकी मैं सराहना करता हूं । सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अभी और अधिक मजबूत करना सबसे जरूरी है और मैं समझता हूं कि गांव के गरीबों तक इसका लाभ पहुंचाया जाना जरूरी है । पिछले वर्षों में पिछड़े वर्गों के लिए इस दिशा में जो कदम उठाए गए हैं सरकार की ओर से, मैं उसकी सराहना करता हूं । सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत करने के साथ-साथ

महिलाओं, कमजोर वर्ग के लोगों और ग्रामीण शिक्षित बेरोजगारों को भी इस प्रक्रिया में लाएंगे । इस पर भी मेरा भरोसा है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, संसद के पिछले सत्र में पंचायतों और नगर पालिका प्रशासन को सुदृढ़ करने के लिए संविधान में जो संशोधन हो गए, वह सराहनीय है । सरकार संविधान के नीति-निर्देशक सिद्धान्तों के अनुसार इसकी पूर्ति करेगी । इसका मुझे विश्वास है । इसमें कमजोर वर्गों, महिलाओं आदि को जो उचित स्थान दिया गया है, निसंदेह उससे जनमत में प्रजातंत्र की धारणा और सुदृढ़ होगी । यह मेरी आशा है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, समयाभाव होने के कारण मैं ज्यादा नहीं कहना चाहता, लेकिन एक बात एक मिनट में आप के सामने रखना चाहता हूं । पिछले वर्ष राष्ट्रीय अल्प संख्यक आयोग को संवैधानिक दर्जा प्रदान करने के बाद जो विधेयक पारित किया गया, उसका सहर्ष स्वागत करते हैं । इस आयोग द्वारा संविधान के अनुसार अल्पसंख्यकों का विकास एवं प्रगति हेतु समयबद्ध योजनानुसार कार्यक्रमों का पूरा होना जरूरी है । मैं समझता हूं कि माइनोरिटी डेवलपमेंट कारपोरेशन जो हो, वह उनकी आर्थिक स्थिति को, उनकी सामाजिक स्थिति को ऊंचा उठाने का काम करे । रिक्रूटमेंट कमेटी जहां कहीं भी हो वहां पर उनकी अच्छी तरह से पार्टिसिपेशन के लिए मौके प्रदान कर दिए जाएं और क्वालिटी आफ एजुकेशन इम्प्रूव करने के लिए माइनोरिटी इंस्टीट्यूशन्स के जितने भी एजुकेशन कालेज वगैरा चलते हैं, विशेष तौर पर उनके लिए ज्यादा धन कर दिया जाए । इसके साथ ही साथ मैं समझता हूं कि जो पन्द्रह सूत्री प्रोग्राम है उन प्रोग्रामों की ओर भी ज्यादा से ज्यादा ध्यान देना होगा ताकि उनकी उन्नति हो सके । ऐसा मेरा विचार है ।

अंत में यही कहूंगा कि राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में भारतीय प्रजातंत्र के प्रबल पक्षों की ओर भी हमारा ध्यान दिलाया है । असहमति का प्रजातंत्र में होना स्वाभाविक है परन्तु विरोध प्रदर्शन का तरीका राष्ट्र-घातक न साबित हो, जनहित का बना रहे । प्रजातन्त्र में सभी मुद्दों पर एक मत न भी हो सके लेकिन जनहित को भूलना उचित नहीं है । हमारा भारतीय प्रजातंत्र तभी सफल होगा फलेगा फूलेगा, जब राजनीतिक जन जितने भी यहां पर हैं, वे अनुशासित रहे । उत्कृष्ट आचरण और नेतृत्व की जो बात राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में कही है उस पर सभी गहराई से विचार करेंगे, यह मेरी उम्मीद है । अगर चारों ओर अंधेरा हो गया है और अंधेरा घना है तो मैं समझता हूं कि चिराग जलाना कब मना है ? विनाशकारी प्रवृत्तियों को बढ़ावा देने या अराजकता फैलाने से किसी का लाभ नहीं होता है । मुझे एक शायर की बात अन्त में याद आती है, उसको उद्धृत करके मैं अपने इस भाषण को समाप्त करता हूं :

जो जलाता है दूसरों को, खुद भी जल
जाता है जरूर
शमा भी जलती रही, परवाना जल जाने
के बाद ।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं एक बार फिर महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण का समर्थन करता हूं और आपने जो मुझे बोलने का मौका दिया, उसके लिए आपका आभार प्रकट करता हूं ।

श्रीमती सरला माहेश्वरी (पश्चिमी बंगाल): माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपका धन्यवाद करती हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया है । उपसभाध्यक्ष महोदय, महामहिम राष्ट्रपति जी के प्रति अपने पूरे सम्मान और आस्था को व्यक्त करते हुए भी उनके अभिभाषण पर हुए धन्यवाद प्रस्ताव पर मैं अपनी असहमति को दर्ज कराने के लिए खड़ी हुई हूं ।

[श्रीमती सरला महेश्वरी]

उपसभाध्यक्ष महोदय, जाहिर है कि मेरी यह असहमति सरकार के उस नीति वक्तव्य से है जिसे राष्ट्रपति जी के माध्यम से पेश किया गया है। उपसभाध्यक्ष महोदय, एक अभूतपूर्व राष्ट्रीय संकट की परिस्थिति में हमारी संसद का यह बजट अधिवेशन शुरू हुआ है। पिछले ढाई महीनों में मानो एक भयावह भूकम्प सा आ गया था। इस भूकम्प ने हमारे राष्ट्र के आधार स्तम्भों--हमारे संविधान, हमारी संसद, हमारी सुप्रीम कोर्ट को बहुत जबरदस्त धक्का पहुंचाया है, इसके साथ ही साथ हजारों लोगों की जिन्दगी को शमशान में बदल दिया। देखते ही देखते लाखों लोगों की रोजी रोटी छीनकर उन्हें दर-दर भटकने को मजबूर कर दिया। हजारों औरतों के सामने उनके पतियों और पुत्रों की हत्याएं कर दी गई। मासूम बच्चों के सामने उनकी माताओं को जला दिया गया। हजारों असहाय औरतों की अस्मिता लूट ली गई। इन मानव निर्मित, देशद्रोही ताकतों पर सरकार का क्या रवैया है? उपसभाध्यक्ष महोदय, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में दुख तो जाहिर किया गया है, संताप तो जाहिर किया गया है लेकिन सरकार का यह संताप, सरकार का यह दुख भाड़े पर लाए गए पेशेवर रुदाली के रुदन जैसा लगता है, जिसके रूदन में सिर्फ ढोंग और पाखण्ड ही नजर आता है। इसीलिए इस अभिभाषण में उन मानवद्रोही, देशद्रोही ताकतों को कहीं चिन्हित तक नहीं किया गया है। ये देशद्रोही ताकतें, जो आज हमारी हजारों वर्षों की संस्कृति, हमारी परम्पराओं तथा मनुष्य के ज्ञान विज्ञान को झुठला रही हैं। धर्म और धार्मिक आस्था के नाम पर लोगों के विवेक को आवेश में बदला जा रहा है और फिर उस आवेश से विवेक की हत्या की जा रही है। धर्म के नाम पर लोगों में प्रतिशोध और प्रतिहिंसा को भड़काया जा रहा है। अतीत की गलतियों को सुधारने के नाम पर इतिहास, वर्तमान और भविष्य को भी विकृत किया जा रहा है। वैदिकी हिंसा, हिंसा न भवति के उपदेशक धर्माचार्यों को इस कपट युद्ध में आगे खड़ा किया गया है और राजनीति की संसद में बहुमत हासिल करने के लिए धर्म संसद का गठन किया गया है। इस धर्म संसद के जरिए अबोध युवाओं के ललाट पर त्रिपुण्ड सजाकर उनके हाथों में त्रिशूल थमाकर उन्हें उकसाया जा रहा है ताकि अयोध्या से पुष्पक विमान का अपहरण करके इन्द्रप्रस्थ पहुंचा जा सके। उपसभाध्यक्ष महोदय, ये मानवद्रोही, देशद्रोही ताकतें संघ परिवार का माफिया गिरोह है और इसी परिवार का एक सदस्य भारतीय जनता पार्टी है। लेकिन अभिभाषण में इनके बारे में कुछ नहीं कहा गया है। महोदय, अभिभाषण में इन ताकतों पर पर्दा डाला जाना कांग्रेस के दोहरे चरित्र को ही दिखाया जाता है और इससे यह साफ है कि इन ताकतों पर पर्दा डालने से कांग्रेस का दोहरा चरित्र ही इंगित होता है और यह पता चलता है कि कांग्रेस की स्थिति "न माया मिली न राम" जैसी ही होने वाली है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, राष्ट्रपति महोदय ने अपने अभिभाषण में हम तमाम सांसदों के उत्कृष्ट चरित्र और नेतृत्व का राष्ट्र के सामने उदाहरण पेश करने को कहा है तथा साहस, बुद्धिमत्ता और अनुशासन के साथ राष्ट्र का दिशा निर्देश करने को कहा है। लेकिन उपसभाध्यक्ष महोदय, राष्ट्रपति जी का समूचा अभिभाषण सिर्फ सरकार की नीतियों को दिखाता है, उस सरकार के कामों को देखते हुए कहीं भी हमें राष्ट्रपति जी द्वारा अपेक्षित गुणों की कोई झलक नहीं मिलती। खुद राष्ट्रपति जी का अभिभाषण इस बात का गवाह है कि सरकार में न साहस है, न विवेक है और न ही काम करने का कोई अनुशासन है। किसी भी मामले में इस सरकार के पास सही और विवेक-सम्मत दृष्टि का घोर अभाव है। ऐसा लगता है उपसभाध्यक्ष महोदय, कि दुविधा में फंसे

रहना ही इस सरकार का नैसर्गिक गुण है, इसकी विशिष्टता है। उपसभाध्यक्ष महोदय, इनका यह ढुलमुलपन, इनका यह लुंज-पुंजपन अयोध्या के पूरे वाक्या में देखने को मिला। हाल ही में अयोध्या के संबंध में सरकार का श्वेत-पत्र भी हमारे सामने आ चुका है। महोदय, कहते हैं कि इस श्वेत-पत्र को बनाते समय जिस कमेटी का गठन किया गया था उस कमेटी से एक वरिष्ठ मंत्री ने इसलिए त्याग-पत्र दे दिया क्योंकि उन्हें यह संदेह था कि इसमें सच्चाई को प्रकट नहीं किया जा रहा है। महोदय, मुझे नहीं मालूम कि सच्चाई क्या है, बहरहाल इतना जरूर सच है कि साम्प्रदायक ताकतों के विरुद्ध जिस समझौता-हीन संघर्ष की आवश्यकता थी उस समझौता-हीन संघर्ष में कांग्रेस पूरी तरह असफल रही है। उपसभाध्यक्ष महोदय, कहने को तो इन्होंने कुछ सांप्रदायिक संगठनों को प्रतिबंधित किया है। आर० एस० एस० तथा उससे जुड़े हुए अन्य संगठनों पर जन दबाव के चलते सरकार ने प्रतिबंध लगाया। लेकिन मैं यह पूछना चाहती हूं कि क्या इसको सही मायनों में एक प्रतिबंध कहा जा सकता है या प्रतिबंध के नाम पर यह सिर्फ एक ढोंग है या सिर्फ एक दिखावा है। आज भी उनके नेता खुलेआम घृणित प्रचार करते हुए घूम रहे हैं। उपसभाध्यक्ष महोदय, आज ही सुबह एक सांसद इन्हीं के एक संगीसाथी की स्पीच का हवाला दे रहे थे कि किस तरह से वह सांप्रदायिक घृणित प्रचार कर रहे हैं। इसलिए उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहती हूं कि इन साम्प्रदायिक ताकतों के विरुद्ध जिस कड़ी कार्रवाई की जरूरत थी, उस कड़ी कार्रवाई को करने में सरकार निसंदेह पूरी तरह असफल रही।

उपसभाध्यक्ष महोदय, महात्मा गांधी की हत्या के बाद सन् 1948 में हमारी संविधान सभा ने एक प्रस्ताव लिया था और उस प्रस्ताव के जरिए सरकार से यह आग्रह किया था, सरकार से यह अपील की थी कि राजनीति से साम्प्रदाकिता को खत्म करने के लिए कोशिश की जाए। लेकिन उपसभाध्यक्ष महोदय, उस प्रस्ताव को ताक पर रख दिया गया और आज जब इन साम्प्रदायिक ताकतों के विरुद्ध कड़े संघर्ष की जरूरत है, कड़े संग्राम की जरूरत है उस समय भी हमारी सत्तारूढ़ पार्टी पूरी तरह लुंज-पुंज दिखाई दे रही है। राम जन्म भूमि बाबरी मस्जिद के मामले को लिया जाए। महोदय, इस मामले को सुप्रीम कोर्ट को सौंपा गया है यह राय लेने के लिए कि उस स्थल पर कोई हिन्दू इमारत थी या नहीं। उपसभाध्यक्ष महोदय, पहले कहा गया कि राम मंदिर था या नहीं। राम मंदिर की जगह हिन्दू मंदिर और हिन्दू मंदिर की जगह हिन्दू इमारत। यह कांग्रेस की फिसलन इस बात को पूरी तरह प्रमाणित करती है कि वह किसी भी तरह इन साम्प्रदायिक ताकतों से लोहा लेने के लिए तैयार नहीं है। वह आज भी अपने नफे और नुकसान का जोग्राफिया बनाने में लगी हुई है और इसलिए पग-पग पर पग फूंक-फूंककर कदम उठा रही है कि किस कदम से उसको लाभ होगा और किस कदम से उसको नुकसान होगा।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं पूछना चाहती हूं कि आज अयोध्या के मसले को संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत सुप्रीम कोर्ट को सौंपा गया है, उसके जरिए सत्तारूढ़ पार्टी कौन-सी परम्परा को स्थापित करने जा रही है? क्या आप पुरातात्विक सर्वे का काम सुप्रीम कोर्ट से करायेंगे? क्या ऐसे मामले, ऐसे गैर-संवैधानिक मसलों का हल सुप्रीम कोर्ट से कराया जाएगा और महोदय, इस तरह की परम्पराओं को अगर डाला जाएगा, अतीत के प्रेतों को जगाया जाएगा, भूतकाल के भूतों को जगाया जाएगा तो महोदय, यह वर्तमान हमारे जिंदा लोगों के रहने लायक नहीं बचेगा।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपसे यह कहना चाहूंगी कि आज जरूरत तो इस बात की है कि कानून के शासन को स्थापित किया जाए।

[श्रीमती सरला महेश्वरी]

संविधान की मर्यादा स्थापित की जाए । इसलिए इस बात की जरूरत थी कि इस उलझे हुए मसले के बारे में चलने वाले तमाम कानूनी विवादों को संविधान की धारा 138 के तहत सुप्रीम कोर्ट को सौंपा जाता और तब सुप्रीम कोर्ट की राय नहीं, उसका फैसला लिया जाता, जिसको मानने के लिए दोनों पक्ष बाध्य होते।

उपसभाध्यक्ष महोदय, इसी संदर्भ में मैं आपसे यह कहना चाहूंगी कि इस मामले में कांग्रेस और भाजपा पूरी तरह से एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। जिस प्रकार राष्ट्रीय आर्थिक नीतियों के मामले में हैं। आज भाजपा के लोग कांग्रेस की आर्थिक नीतियों की आलोचना करते हैं लेकिन यही भाजपा के लोग थे जो अब तक कहा करते थे कि कांग्रेस ने हमारी आर्थिक नीतियों को हाईजैक कर लिया है। उपाध्यक्ष महोदय, आज क्या स्थिति है देश की ? नयी आर्थिक संरचना के नाम पर जो सारी कसरत की जा रही है उसका लक्ष्य क्या है ? अभिभाषण में जिस मनमोहिनी आर्थिक संरचना का मनमोहक चित्र पेश किया गया है, उसका सारा दारोमदार यह है कि हमारी आर्थिक आत्मनिर्भरता की बुनियाद को खोखला कर दिया जाए, हमारे देश के बाजार को विदेशी पूंजी, विदेशी सामानों के लिए खुला छोड़ दिया जाए । उपाध्यक्ष महोदय, मुझे तो डर है कि कहीं ऐसा न हो कि आने वाले समय में हमारे देश का बाजार ही सिर्फ विदेशी सामानों से न पटे, कहीं हमारी सरकार ही इम्पोर्टेड न हो जाए।

उपसभाध्यक्ष महोदय, इस नयी आर्थिक नीति का जो मनमोहक रूप पेश किया गया है, उसके जरिए हमें यहब ताने की कोशिश की गई है कि भारत आर्थिक तरक्की के रास्ते पर फर्राटे से बढ़ रहा है लेकिन उपाध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहूंगी कि यह नयी आर्थिक नीति, यह सारी मनमोहिनी कसरत, विदेशी कंपनियों को खुला निमंत्रण, यह सभी इस बात को जाहिर करते हैं कि हमारे देश की आर्थिक सार्वभौमिकता, हमारे देश की आर्थिक स्वतंत्रता आज विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के कब्जे में है । यह जो प्रक्रिया शुरू हुई है, यह हमारे देश के औद्योगीकरण की प्रक्रिया नहीं है, यह हमारे देश के अनऔद्योगीकरण की प्रक्रिया है । हमारे देश के देशी उद्योग धंधों को तबाह करने की प्रक्रिया है । हमारे देश का उद्योग जो आज भी भयंकर मंदी से गुजर रहा है, उस अर्थ-व्यवस्था को चंगा करने के बजाए उस अर्थ-व्यवस्था को उसी तरह चौपट करने का रास्ता कांग्रेसी सरकार ने अख्तियार किया है, जो रास्ता ब्रितानी साम्राज्यवादियों ने अख्तियार किया था । हमारे देश के देशी उद्योग धंधों को तबाह किया था और आज उसी रास्ते पर कांग्रेस फिर से अग्रसर हो रही है।

महोदय, रोजगार के अवसरों की हालत क्या है? रोजगार कार्यालय के दफ्तरों को देखिए तो 1991 के अंत में जहां रोजगार कार्यालयों में 3 करोड़ 58 लाख लोगों के नाम दर्ज थे, वहीं 1992 के अंत में यह संख्या बढ़कर 3 करोड़ 78 लाख हो गई है। इन पंजीकृत बेरोजगारों में लगभग 60 प्रतिशत शिक्षित बेरोजगार हैं । उनमें एक अच्छी-खासी संख्या स्नातक और स्नातकोत्तर लोगों की है ।

आज हमारी मुद्रा नीति की क्या स्थिति है? हमारी मुद्रा नीति पूरी तरह अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की गिरफ्त में है । उसी से हमारे तमाम मौद्रिक लक्ष्य निर्धारित हो रहे हैं हमारे देश की आवश्यकता कुछ भी क्यों न हो, हमारे देश की जरूरत कुछ भी क्यों न हो।...

(व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : सरला जी, अब समाप्त करें ।

उपसभाध्यक्ष श्रीमती सरला माहेश्वरी : महोदय, अभी तो मेरा समय शायद हुआ ही नहीं है ।

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : समय से आप आगे बढ़ गई हैं । समय की सीमारेखा से आगे बढ़ गई है ।

श्रीमती सरला माहेश्वरी : मैं आपसे निवेदन करूंगी कि समय की सीमारेखा थोड़ी और बढ़ा दीजिए । उपाध्यक्ष महोदय, मैं इस बात की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहती थी कि जिस दिशा की ओर हम बढ़ रहे हैं वह दिशा हमारे देश की तबाही और बरबादी की दिशा है । अतीत में साम्राज्यवाद के दिनों में हम देखते हैं कि हमारे देश में अकाल पड़ते थे और आज शायद हम उसी दिशा की ओर अग्रसर हो रहे हैं । आज बिहार, उड़ीसा और त्रिपुरा से भुखमरी की खबरें हमारे सामने आ रहीं हैं । आज शायद सरकार कुछ रियायत देने को भी तैयार हो जाए, लेकिन आने वाले समय में सरकार यह रियायत देने को कभी तैयार नहीं होगी ।

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारे वित्त मंत्री बार-बार यह दावा कर रहे हैं कि जनकी नई आर्थिक नीतियों से हमारा देश उन्नति के रास्ते पर आगे बढ़ेगा । लेकिन उपसभाध्यक्ष महोदय मैं आपको यह कहना चाहती हूं कि जिस अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक के नुस्खों पर हमारा देश चल रहा है उन नुस्खों पर चलते हुए हमारे देश की हालत क्या होगी इस संबंध में मैं सिर्फ आपको यही बताना चाहती हूं कि हमारे वित्त मंत्री जो दावा कर रहे हैं उन दावों में वे कभी खरे नहीं उतर रहे हैं । न हमारे भुगतान संतुलन की समस्या सुधर रही है । उल्टे हमारे ऊपर विदेशी कर्जा बढ़ रहा है । हमारे आयात और निर्यात में सुधार नहीं आया है । इस संबंध में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष में दस वर्ष तक काम करने के बाद और इस्तीफा देने के बाद अंतर-राष्ट्रीय मुद्रा कोष के एक अधिकारी ने कहा था कि में आई एम एफ जिनके नुस्खे को मैं एशिया, अफ्रीका, और लेटिन अमरीका के देशों में चलाता रहा हूं, उन नुस्खों के जरिए मैंने आज तक बड़ा पाप किया है । उस पाप को धोने के लिए अगर मैं सारी दुनियां की नदियों का पानी लेकर, सारी दुनियां के साबुन लेकर भी उस पाप को धोने की कोशिश करूं तो उस पाप को धो नहीं पाऊंगा । उपसभाध्यक्ष महोदय, मुझे अफसोस है कि हमारी नई आर्थिक संरचना और नई आर्थिक नीति हमें उसी पाप के रास्ते पर अग्रसर कर रही है । इसलिए मैं कहना चाहती हूं कि राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में जिस मनमोहिनी आर्थिक संरचना का उल्लेख किया है, वह कहीं से भी मनमोहन नहीं है बल्कि मनरोषक और देश को रोकने वाली है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मुझे अफसोस है कि राष्ट्रपति महोदय ने अपने अभिभाषण में समाज में बढ़ती हुई हिंसा का कहीं जिक्र नहीं किया है, समाज में बढ़ते हुए महिलाओं पर अत्याचारों के बारे में एक शब्द भी नहीं कहा है जबकि हकीकत यह है कि सरकार की रिपोर्टों से यह पता चलता है कि हमारे भारत में हर 54 मिनट पर एक बलात्कार की घटना घट रही है, हर 26 मिनट पर एक छेड़छाड़ की घटना घट रही है, हर 43 मिनट पर एक अपहरण की घटना घट रही है, हर एक घंटे पर एक दहेज हत्या हो रही है, हर 33 मिनट पर एक शारीरिक निर्दयता की घटना घट रही ई । इसलिए उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपसे निवेदन करूंगी कि राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में सरकार की तमाम विफलताओं के बावजूद उस पर जो पर्दादारी करने की कोशिश की है और उसकी सफलताओं का जो चित्र अंकित करने की कोशिश की है, वह हमारे देश की वास्तविकताओं से, हमारे देश के कठोर यथार्थ से मेल नहीं खाता । मंहगाई को कम करने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन हमारे देश की जनता जानती है कि मुद्रा स्फीति की हालत क्या है । पिछले वर्ष मुद्रा स्फीति की औसत दर 10 प्रतिशत रही है ।

[श्रीमती सरला माहेश्वरी]

इसलिए उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपसे यह निवेदन करना चाहती हूं कि सरकार चाहे कितने भी दावे करे, हकीकत यही है कि –

अंत: शाक्ता बहिरशैवा सभा मध्ये च वैष्णवा:

अर्थात गुप्त रूप से मद्य मांस खाने वाले, बाहर त्रिपुंड और रुद्राक्ष धारण करने वाले और सभा में तिलक छापा लगाकर वैष्णव बनने वाले अर्थात जिनके मत का कोई ठीक नहीं है, इन लोगों के बारे में राष्ट्रपति जी ने जिस सफलता का आश्वासन दिया है और जिस सफलता का चित्र खींचा है, उससे मैं कतई सहमत नहीं हूं और इसलिए मैं अपनी असहमति दर्ज करती हूं । इति

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHANKAR DAYAL SINGH) : Shri Moolchand Meena. He is not here. Shri Kamal Morakra. He is also not here. Shri Ram Jethmalani.

SHRI RAM JETHMALANI (Karnataka) : Mr. Vice-Chairman, Sir, I am grateful to you, however late it is in the day. Being a fair opponent, I will not withhold the bouquets which the President's Address invites. After presenting those buoquets, I will deal with the brickbats that the President's Address inevitably provokes.

Sir, I must compliment the Government for having brought about a sea change in the situation in Punjab. I hope what the newspapers report and what we hear from the Government sources are all genuine. I have some disturbing reports to the contrary, but I shall keep them to myself. Yet I have only one word of advice to give and that advice comes from Mahatma Gandhi who said that when you conquer the foe by force, you only conquer half the foe, you still have his mind to conquer. Even if you now think that you have conquered your foe by force, please proceed to attract and capture his mind and that can only be done by a process of applying the healing touch, by a process of intensive industrialisation of Punjab and by a process of providing employment for the young who have been derailed from the path on which they should be going. The Government will have to take some unpleasant decisions. You cannot permanently stand on the unstable two-legged stool of Punjab and Haryana, you cannot satisfy both sides, you will have to dissatisfy one or the other or at least partly dissatisfy the one and partly dissatisfy the other. This has got to be done.

Sir, in spite of my party's policy to the contrary, I welcome the breath of fresh breeze in your economic thought, in your economic action. I understand the criticism which is levelled against the new economic changes, but the best argument in favour of the economic changes is that the previous economic policies have failed and it is time that we tried something new. We cannot go on by the discarded and discredited recipes of 1844 and continue to use the same recipes now in the year 1993. The change is welcome.

Sir, there are some welcome changes in foreign policy. I am glad the Foreign Minister happens to be here. I hope the Foreign Minister will at least listen...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHANKAR DAYAL SINGH) : But they are not hearing you at all.

SHRIMATI KAMLA SINHA (Bihar) : They have no time.

SHRI RAM JETHMALANI : They are involved in some personal conversation.

I hope, Mr. Foreign Minister, that there is some collaboration between the Foreign Ministry, Ministry of Finance and other economic Ministries. One of our pillars of our foreign policy should be to encourage and enter into those relationships which advance the economic interest of India particularly at this juncture. I wish to point out to you and to all of you something which I have said before in your Consultative Committee meeting when you were present that you have a small little gallant country of 20 million, the Government of Taipei, which is waiting for 80 billion dollars of foreign exchange to invest outside. Today the mainland of China is absorbing their money in spite of their ideological differences. I hope consistently with international law, you will ask your

beaurocrats to study the strong case that exists for *de facto* recognition though not *de jure* recognition and have a substantial part of the 80 billion dollars which should come to this country. And I assure you that you will have an immediate response the moment you take action, which I believe is not an act of favour but an act of compulsion under international law.

Sir, having said this, let me now talk of some of the criticism which I have to level against the contents of the distinguished President's speech. The very opening paragraph of the speech, the first paragraph consisting of six or seven lines is the biggest piece of hypocrisy that I have ever seen in the enunciation of Government's domestic objectives. Yes, it starts with the events of the 6th of December; yes the events of the 6th of December are important, yes these events will have some tremendous impact upon the future of this country and I agree that the events of the 6th of December were tragic, their ugly aftermath has only compounded the tragedy, but the Government should have done some introspection on and after the 6th of December instead of trying to turn the tragedy into an opportunity for settling scores with opposition parties or with a rival political party and with a double face and two mouths alternatively deceive both communities and steel their hopes and political support. This has been the policy. Sir, the 6th of December was not the beginning of the tragedy. It was a tragic culmination of 50 years' record of deliberate vacillation, postponing quick judicial decisions, corrupting judges, keeping the issue alive to enable you to jump on either side of the fence as it suited the sordid political purposes of the moment, jettisoning your responsibilities of leadership, refraining to speak the truth to both sides and, finally, to claim false to the Muslim minority to misappropriate the Hindu vote bank. Sir, it is a sordid and shameful conduct spread over five decades. Now, like the proverbial cat, after having swallowed 100 rates and 100 mice, you proceed on a pilgrims to *Haj*. That is precisely what you are doing; that is precisely what your conduct is.

When the mosque was being demolished, what were you doing on that day, during the fateful six hours ? I suggest you were pursuing the same shameful policy of inaction during those six hours. As a lawyer, I must concede that the demolition was preplanned. It could not have been spontaneous because it involved preparation and use of some expertise. But who preplanned it, with whose consent, with whose knowledge and with whose instigation, I shall come to, in a moment. Don't jump to the conclusion that I am giving you a good certificate.

Whatever be the preplanning involved, it does not exonerate you, first, for your total lack of common sense that treating the domes with a little lubricating tallow or hovering a helicopter equipped with nothing more than a water cannon, would have prevented the access of the people and would have prevented the final demolition. You did not need to have the CRP at a safe distance, promptly obeying orders not to do its duty. Shri Mulayam Singh Government's experience, you know. They did their best to prevent the overzealous people who, even in that situation, seemed to have succeeded in reaching the dome and causing some amount of damage, though it was not considerable.

But, Sir, I suggest that you were wrongly advised. By whom were you advised ? I believe you must have been advised by your Law Ministry. It is not merely a failure of the Home Ministry, but it is a failure of the Law Ministry. What were you told ? You were told to keep your force at Faizabad or some other place at a safe distance and when all these people would collect there and some mischief would start, to order them to march and presumably shoot. This must have been the advice which must have come to you from the Law Ministry. I regret to say that neither do the people in your Law Ministry, who are paid to know the law, know it, nor do the people in the Home Ministry have at least some competent legal advice which they should have. Can you, under the Indian Penal Code and the existing law, shoot down people who indulge in an offence of demolition of an immoveable structure ? Demolition of an immoveable structure is an offence of mischief punishable with one year's rigorous imprisonment under the Penal Code. The Penal Code says that you cannot shoot

[Shri Ram Jethmalani]

down people who are engaged in committing this trivial offence. The right to cause death arises only in those cases where the offence is an offence which produces an apprehension of death or grievous hurt and it is an offence against a person.

Sir, this armed force was kept at a distance ready to shoot. I am glad that this was not used. Here I must congratulate Mr. Kalyan Singh that at least instinctively—I do not believe that he also got advice—he knew that those who demolish a mosque, could not be shot down under the law. I am glad that it did not result in a blood-bath.

Sir, if you had received a competent advice, you would have been told about it. This is the tragedy which happened in Bombay. In Bombay Mr. Sharad Pawar came with his army, and when I asked Mr. Sharad Pawar why the army was not being used, the answer was, "We have no executive magistrate," the same answer which you find in the Ayodhya paper, the White Paper you have issued. If you were advised that an executive magistrate's presence was necessary before the great Government of India's army could go into action, you should have kept those executive magistrates with you.

But, here again you were wrongly advised. The Government of India is under a constitutional duty to see that every State maintains and lives in tranquility and peace. You have duties under Article 355 of the Constitution. These duties were dependent upon the will of an Executive Magistrate. The provision for an Executive Magistrate was created for a different purpose altogether. It was created for the purpose of providing a special function and it was not intended to provide an excuse for non-performance of duties of protecting the country. So, Sir, it appears to me that once again if he had been correctly advised, he would have prevented the mischief to the domes and not relied upon *ex-post facto* action of the use of force as you intended to do by concentrating some of those forces there.

Mr. Sharad Pawar told me and I had to write on that night a paper and hand it over to him. I published it in *The Indian Express* the next day. I am surprised that in spite of all the education that we seek to give, the *Bourbons* in the Home Ministry and the Law Ministry do not wake up to their responsibilities and they continued to be paid for not doing their job. If this incompetence and corruption continues and remains at a premium, I am afraid these tragedies will continue to recur from time to time.

I would normally adopt and steal words which are very solicitous from others, but I do not wish to do that and wish to read what a very distinguished correspondent has written in the *Economist*. Of course, he has brickbats for the BJP; he has brickbats for others who have been remiss in the performance of their duties, but this is the analysis which he had ultimately arrived at : what is the basic cause of what is happening in the country ? He says :

"With each year that passed, however, Congress rule became more corrupt and less efficient. Political meddling and pay-offs sapped the morale and effectiveness of civil administration, the police and the courts. *Goondas*—hoodlooms—began to be used to organise votes, then to seize control of voting booths. Some later became full-time politicians. Criminals in turn financed politicians, then entered politics themselves and no policeman dared arrest them. This criminalisation of politics gathered momentum in the 1980s, to the disqust of voters. Congress is the greatest culprit, though others are not far behind.

The police, says one former member of the Police Commission, now have four unwritten priorities : first, to harss opposition politicians; second, to protect crooks in the ruling party; third, to stem terrorist activity and protect VIPs; last, to combat simple crimes. No influential criminal need have much fear of arrest. Things are worst in Bihar, where Government has largely collapsed and private armies rule the countryside. But in every city large areas are falling under criminal control. Riots—witness the recent ones in Bombay—are switched on at will. State authorities find it increasingly hard to put them down. Sometimes they do not dare, or even wish, to try."

This is the gretest and impartial indictment of this Government and it must be borne in mind.

Sir, I do not have much time. Nor have you for me. Therefore, I wish to summarise my conclusions. I wish to say that I regret that the President's Address, while trying to score a point against a political party, shows that same bankruptcy of mind, that bankruptcy of thought. Thre is no attempt to point out what solution the Government has. It is true that you have referred the matter to the Supreme Court. The Supreme Court will, in due course, decide the matter. And, Sir, the Supreme Court's decision will probably give you an excuse for not taking a decision. You will sit on the fence and would not ever get down from the fence. But today my earnest recommendation to both sides is: Please follow the advice of a very great Muslim divine and scholar, who is at the highest calibre and is the founder of the Islamic Centre and President of that Organisation. He is the author of several profound books. His latest is a textbook prescribed in universities in at least six Arab countries. This gentleman has gone on record to give a simple solution. The solution is very simple that ensures the constitutional protection for all the thousands of mosques in the country in return for Muslims lovingly consenting to the Rama temple being biult upon the disputed site. It requires a little moral courage to force this down the throat of extremists on both sides. And unless the Government gives up its desire of having vote banks with its constant eye on the vote banks on both sides, the Government will never arrive at a sensible decision. So, Sir, this solution stares us in the face. (Time bell rings) I will take two more minutes.

